# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, मंगलवार 11 मार्च 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रुपया | वर्ष:- 14, अंक 65




'आसन को धमकी' पर बिरला ने दयानिधि... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • लग सकता है दो साल का प्रतिबंध...

# यूपी कैबिनेट में 19 प्रस्ताव मंजूर

## आगरा में मेट्रो प्रोजेक्ट समेत 13 शहरों को मिले कई तोहफे

### बलिया में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन स्वीकृति

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्ताव पास हुए हैं। मंत्रीमंडल ने राज्य में नई गेहूं क्रय नीति मंजूर को मंजूरी दे दी है। बलिया में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन स्वीकृति हो गई। नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के पास भूमि अधिग्रहण पर फैसला हुआ।

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल के समक्ष कुल 19 प्रस्ताव आए और उन सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संवाददाताओं को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उत्तर प्रदेश में आगामी 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा समेत कुल आठ खरीद एजेंसियों



द्वारा पूरे राज्य में 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। किसानों को मूल्य समर्थन योजना का ज्यादा से ज्यादा फायदा दिलाने के उद्देश्य से किसानों का गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए नि:शुल्क जमीन का स्थानांतरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार की 14.05 एकड़ जमीन को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित किया जाएगा। इनमें से 12.39 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा और लगभग दो एकड़ जमीन का सौंदर्यीकरण करके उस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चित्तू पांडे का स्मारक बनाया जाएगा। उनके नाम पर ही प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जा सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय के अनुसार बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निश्शुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया गया है।

कृषि विभाग की यह 4570 वर्ग मीटर की जमीन राजकीय कृषि विद्यालय के नाम पर बड़न तहसील के ग्राम बलीपुरा में है। उन्होंने बताया कि एक अन्य निर्णय में इटावा के सैफई में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 300 शैय्या के गायनी ब्लॉक (100 शैय्या के पीडियाट्रिक ब्लॉक को शामिल करते हुए) के निर्माण के लिए पुनरीक्षित प्रायोजना की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने हरी झंडी दे दी है। खन्ना ने बताया कि इसके लिए व्यय वित्त समिति द्वारा तय की गई शर्तों के तहत आकलित पुनरीक्षित लागत धनराशि 23217.73 लाख रूपये के वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। अब 10 हजार से 25 हजार रुपए मूल्य वर्ग के स्टांप को एक अधिसूचना के जरिए चलन से बाहर घोषित किया जाएगा और यह अधिसूचना जारी होने के बाद कोषागारों में जमा अवशेष ऐसे स्टांप पत्रों को पूर्व में निर्धारित शासनादेश के अनुरूप नष्ट करने की कार्यवाही पूरी की जाएगी ताकि भविष्य में उनका दोबारा इस्तेमाल न किया जा सके। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना असिस्टेंस फॉर एस एंड टी सेक्रेटेरिएट टू सीएसटीयूपी के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश में पिछले 25 वर्षों से काम कर रहे सात कर्मचारियों को परिषद के स्थाई कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग के अनुरूप वेतन दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री ने टैक्सफेड समूह के तहत उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल संघ लिमिटेड कानपुर की बंद पड़ी मिलन की जमीन के औद्योगिक इस्तेमाल के लिए उसे अप सीधा को निशुल्क हस्तांतरित किए जाने के संबंध में एक प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दशकों से बंद पड़ी कताई मिलों की निष्प्रयोज्य 451.20 एकड़ जमीन के हस्तांतरण से राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विकास के काम जल्द से जल्द शुरू किए जाएंगे।

### 10 से 25 हजार रुपए मूल्य तक के भौतिक स्टांप होंगे चलन से बाहर

मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए एक अन्य निर्णय में 10 हजार से लेकर 25 हजार रुपए मूल्य तक के भौतिक स्टांप को चलन से बाहर घोषित करने के लिए व्यवस्था निर्धारित करने के उद्देश्य से शासनादेश जारी किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को भी मंत्रिमंडल ने अनुमोदित कर दिया है। वित्त मंत्री ने बताया कि छह अक्टूबर 2024 को प्रदेश के कोषागारों में पांच हजार से लेकर 25 हजार मूल्य वर्ग के निष्प्रयोज्य स्टांप का कुल मूल्य 5630.87 करोड रुपए है।

## कार-कंटेनर में टक्कर, पांच की मौत तीन घायल




**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कंटेनर की चपेट में आने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोटवा के समीप एक कार कन्टेनर से भिड़ गयी। इस हादसे में कार सवार प्रेम चन्द्र पासवान निवासी ग्राम तरकुलही जसोपुर जनपद गोरखपुर,शिव राज निवासी ग्राम सबदेइया कला असमोली जनपद संभल,शकील,विश्व जीत के अलावा बहारन निवासी अज्ञात की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। तीन घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्होने बताया कि प्रेम चन्द्र पासवान बड़े कारोबारी है। गुजरात में इनकी एक कम्पनी है। मृतकों में सभी की उम्र 25 से लेकर 40 वर्ष के बीच है। लगातार गाड़ी चलाते हुए गुजरात से ये लोग आ रहे थे। ऐसे में आशंका है कि झपकी आने की वजह से ड्राइवर अलर्ट नही रह पाया और जोरदार की टक्कर हो गयी।

## ईडी ने भूपेश बघेल के घर पर की छापेमारी




एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के घर पर सुबह शुरू हुई प्रवर्तन निदेशालय ईडी की कार्रवाई अभी भी जारी है, जानकारी के मुताबिक टीम को घर से बड़ी मात्रा में कैश मिला है जिसे गिनने के लिए अब नोट गिनने वाली मशीन मंगवाई गई है, खबर ये भी है कि टीम को यहाँ 6 मोबाइल फोन मिले हैं जिसके ट्रांजिक्शन ईडी के अफसर चैक कर रहे हैं।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भिलाई स्थित घर ई डी की कार्रवाई जारी है, आज सुबह करीब 6:30 बजे चार गाड़ियों में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी भूपेश बघेल के भिलाई स्थित पदुम नगर निवास पर पहुंचे, ईडी के अधिकारी भूपेश बघेल के ही निवास पर नहीं पहुंचे बल्कि उनके बेटे चैतन्य बघेल के करीबियों के ठिकानों पर सुबह-सुबह दस्तक दी। सुबह से जारी ये कार्रवाई अभी जारी है, बताया जा रहा है कि ईडी के अधिकारियों को घर से बड़ी मात्रा में कैश मिला है जिसे हाथ से गिनना संभव नहीं है इसलिए वहां नोट गिनने वाली मशीन बुलाई गई है, कुछ कर्मचारी ये मशीन लेकर पहुंचे , जिससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि ईडी के अधिकारियों को भूपेश बघेल के घर से 6 मोबाइल मिले हैं जिसके डिटेल्स टीम चैक कर रही है, टीम ऑनलाइन ट्रांजिक्शन की डिटेल भी खंगाल रही है जिससे डिजिटल ट्रांजिक्शन की जानकारी सामने आ सके इसके अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ईडी अफसरों को मिले हैं, जिनकी जांच की रही है।

### 2100 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़ी है ईडी की छापेमारी

जानकार बताते हैं कि यह छापेमारी छत्तीसगढ़ में हुए 2100 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़ी है, श्ष्ठ ने भूपेश बघेल के घर उनके बेटे चैतन्य के करीबी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल और कुछ अन्य के ठिकानों सहित कुल 14 ठिकानों पर छापे मारे हैं, उधर बघेल समर्थकों और कांग्रेस नेताओं ने ईडी के छापे के विरोध में सड़क से लेकर विधानसभा तक में प्रदर्शन किया है, जिसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर है।

### एयर इंडिया के विमान को मिली बम की धमकी

**मुंबई।** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया के विमान (एआई119) को सोमवार को बम की धमकी के बाद बीच उड़ान से ही वापस लौटना पड़ा। एयर इंडिया के बयान के अनुसार, उड़ान भरने के आठ घंटे बाद विमान के शौचालय में विस्फोट की धमकी भरा नोट मिला। बोइंग 777 विमान, जिसमें 303 यात्री और 19 चालक दल के सदस्य सवार थे, अजरबैजान के ऊपर से उड़ रहा था। उसी दौरान, विमान ने अपना रास्ता बदला और मुंबई लौट आया।

## ट्रम्प ने भी माना अमेरिका में मंदी का खतरा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी में मंदी के खतरे से इनकार नहीं किया है। श्री ट्रंप ने रविवार को फॉक्स न्यूज प्रसारण के साथ एक साक्षात्कार में मंदी के अनुमान को खारिज करने से इनकार कर दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें आने वाले वर्ष में मंदी की आशंका है, श्री ट्रंप ने कहा, मुझे ऐसी चीजों की भविष्यवाणी करना पसंद नहीं है। परिवर्तन का दौर है, इसमें थोड़ा समय लगता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साक्षात्कार में मुद्रास्फीति में संभावित वृद्धि को भी स्वीकार किया और अपनी नई टैरिफ नीति के बाद हाल ही में शेयर बाजार में आयी अस्थिरता को कमतर आंका। उन्होंने कहा, आपको वही करना होगा जो सही है, भले ही बाजार इसे पसंद न करें। श्री ट्रंप का यह बयान अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक की रविवार की टिप्पणियों के ठीक उलट था। उन्होंने इसका खंडन कर दिया है कि कोई मंदी नहीं दिख रही है। यह राष्ट्रपति के पहले से उस बयान के भी विपरीत है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी नीतियां अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए त्वरित और उल्लेखनीय परिणाम लाएंगी।

## पटाखा गोदाम में लगी आग, पांच की मौत

एजेंसी

**रामानुजगंज/रांची।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से सटे झारखंड के पलामू जिले के गोदरमाना में एक पटाखा गोदाम में आग लग गयी जिसमें तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में तीन बच्चें, एक महिला और एक पुरुष शामिल है। घर को तोड़कर मृतकों के शव को बाहर निकाला गया है। वहीँ इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना सरहदी क्षेत्र गोदरमना में हुई हैं। यहां एक पटाखा गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण पूरे गोदाम में धुंआ भर गया और इसके कारण दम घुटने से पांच लोगों की मौत हो गई। आग लगने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और आग पर काबू पाया है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने घर की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुश कुमार किराने और पटाखे की दुकान चलाते थे। पटाखे की दुकान के पीछे दो गोदाम हैं। अचानक एक पटाखा फूटा और देखते ही देखते पटाखे की दुकान में आग लग गयी।

## सड़क हादसे में आठ यात्रियों की मौत, 13 घायल

एजेंसी

**सीधी।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में ट्रक की टक्कर से जीप में सवार आठ यात्रियों की मृत्यु हो गयी और 13 अन्य घायल हो गए। घायलों को सीधी और रीवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सीधी कोतवाली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 के सीधी से सिंगरौली मार्ग पर उपनी के पास नौ और दस मार्च की दरम्यानी रात्रि में हुए हादसे में सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक अन्य यात्री की मृत्यु इलाज के दौरान हुयी।



मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं।

सूत्रों ने कहा कि जीप में सवार 21 लोग सीधी जिले से मैहर जिले में धार्मिक यात्रा पर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक से जीप टकरा गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जीप में सवार लोगों को सीधी जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रीवा भेजा गया है।

## सहारनपुर में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर किया लाठीचार्ज

### फेसबुक पर एक पोस्ट के बाद इकट्ठा हुए थे मुस्लिम समुदाय के लोग

एजेंसी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर इस्लाम और रमजान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही भीड़ पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस ने भीड़ को खदेड़कर एक युवक को हिरासत में लिया और मामले में कार्रवाई शुरू की। हालांकि, एसपी देहात ने किसी भी व्यक्ति की हिरासत से इनकार किया है। जानकारी के अनुसार, चार दिन पहले कोतवाली बेहट के गांव अंबेहटा इस्माइलपुर पठानपुरा के एक युवक ने फेसबुक पर रमजान और इस्लाम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे मुस्लिम समुदाय में नाराजगी फैल गई।

इससे पहले भी मुस्लिम समाज के लोग आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग को लेकर थाने और तहसील पर प्रदर्शन कर चुके हैं। सपा विधायक उमर अली खान के हस्तक्षेप के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन मुस्लिम समाज के लोग उसकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सोमवार को सैकड़ों युवा बस स्टैंड के पास जमा हुए और नारेबाजी करते हुए सड़क जाम कर दी।


## सदन में उठा मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का मुद्दा

### राहुल गांधी बोले, इसको लेकर चर्चा होनी चाहिए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं।

राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।श्श् उन्होंने कहा, ''मैं इस बात से सहमत



हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।श्श् महाराष्ट्र समेत हर राज्य में विपक्ष ने एक स्वर में सवाल उठाए हैं। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कागजात दिखाए हैं जिससे पता चला है कि मतदाता पहचान पत्र संख्या का दोहराव हो रहा है। उन्होंने दावा किया, ''कुछ गंभीर गड़बड़ी है, जिसके बारे में पहले महाराष्ट्र में बात हुई थी। हरियाणा में भी इसे लेकर बात हुई थी। तृणमूल कांग्रेस सदस्य ने पश्चिम बंगाल और असम में भी भविष्य में इस तरह की बात सामने आने की आशंका जताई। रॉय ने कहा, ''पूरी मतदाता सूची में व्यापक सुधार होना चाहिए। निर्वाचन आयोग को बताना चाहिए कि यह कैसे हुआ है।

### महिला ने जुड़वा बच्चियों को दी दर्दनाक मौत

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने अपनी जुड़वा बच्चियों से इस कदर परेशान हो गई कि उसने दोनों बच्चियों की हत्या कर दी। पहले तो आरोपी महिला ने पुलिस को गुमराह किया, वहीं जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मामला ज्वालापुर के धीरवाली क्षेत्र का है। यहां के निवासी महेश सकलानी ने अपनी जुड़वा बच्चियों स्नेहा व ईशानी की हत्या की आशंका जताई थी। महेश की पत्नी शिवांगी ने पुलिस को बताया था कि वह पास की दुकान में दूध लेने गई थी और चंद मिनट बाद लौटी तो दोनों अचेत मिलीं वहीं, जब पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो उसमें शिवांगी के अलावा घर में आता-जाता कोई नहीं दिखाई दिया।






# ऑपरेशन अवैध अस्पताल — वाराणसी जनपद का स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे

# स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से झोलाछाप डॉक्टर नन्दलाल कर रहे है मरीजों के अनमोल जिंदगी के साथ खिलवाड़

## ● लेढ़ूपुर के सत्यम हॉस्पिटल का है मामला




सत्यम हॉस्पिटल की जांच कराकर दोषी डॉक्टर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**मनोज वर्मा (प्रभारी), चिरईगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र**


02 हिन्दी दैनिक समाचार पत्र शकुन टाइम्स वाराणसी

ऑपरेशन अवैध अस्पताल — वाराणसी जनपद का स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे

आयुर्वेद की डिग्री पर संचालित हो रहा है एलोपैथ का अस्पताल

लेढ़ूपुर के सत्यम हॉस्पिटल का है मामला

वाराणसी के लेढ़ूपुर में संचालित हो रहा है अवैध सत्यम हॉस्पिटल

सत्यम हॉस्पिटल का ऑपरेशन थियेटर देखकर खुद सोच में पड़ जाएगा स्वास्थ्य विभाग

शकुन टाइम्स की स्टिंग टीम जब सत्यम हॉस्पिटल में गई तो वहा का हाल देखकर ऐसा लगा कि किसी रेलवे स्टेशन के बाहर आ गए है क्योंकि हॉस्पिटल के अंदर जाते है दो महिलाएं खाना बनाते मिली और जब टीम डॉक्टर नन्द लाल को खोजते प्रथम तल पर गई तो वहा का ऑपरेशन थियेटर देखकर ऐसा लगा कि किसी स्कूल के प्ले ग्राउंड में आ गए है एक बुजुर्ग मरीज बेड पर लेटी हुई थी और उसके ऑपरेशन की तैयारी चल रही थी पुरे ऑपरेशन थियेटर में किसी भी प्रकार के साफ सफाई की कोई भी व्यवस्था नहीं थी और पूरे स्टाफ इधर उधर घूम रहे थे

शकुन टाइम्स
राज कुमार यादव

भाग - 1

वाराणसी। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ स्वास्थ्य विभाग पर नकेल कसने के लिए चाहे जितने भी प्रयास कर ले परंतु स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से मानकविहीन अवैध अस्पतालों का बोल बाला है ताजा मामला वाराणसी जनपद के लेढ़ूपुर का है जहां न्यू पेट्रोल पंप के सामने शिवाजी कॉलोनी में सत्यम हॉस्पिटल के नाम से एक मानकविहीन अवैध अस्पताल का संचालन किया जा रहा है और इस अस्पताल के डॉक्टर नन्द लाल के आगे तो अच्छे-अच्छे एमबीबीएस डॉक्टर भी फेल है यहां के डॉक्टर नन्द लाल खुलेआम कहते है कि मेरे यहां हर प्रकार के बीमारी का आपरेशन किया जाता है अब सोचने वाली बात यह है कि आखिर डॉक्टर नन्द लाल के पास चिकित्सा क्षेत्र की कौन सी डिग्री है कि वह सभी प्रकार के ऑपरेशन कर लेते है क्या वाराणसी जनपद का स्वास्थ्य विभाग इस प्रकार के फर्जी डॉक्टर पर कोई ठोस कार्यवाई करेगा या फिर मामले में हिला हवाली करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** सूबे के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के लाख कोशिश के बाद भी वाराणसी जनपद का स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसने ने विफल साबित हो रहा है और झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के अनमोल जिंदगी के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहे है जिसका जीता जागता उदाहरण वाराणसी जनपद के लेढ़ूपुर में अवैध रूप से संचलित हो रहे सत्यम हॉस्पिटल का है जिसके डॉक्टर नन्द लाल के पास चिकित्सा क्षेत्र की कोई भी वैध डिग्री नहीं है उसके बाद भी वह खुलेआम हर प्रकार के ऑपरेशन को करते है और तो और किसी अन्य डॉक्टर के नाम से आयुर्वेद के डिग्री पर एलोपैथ का हॉस्पिटल भी संचालित कर रहे है अब एक बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या स्वास्थ्य विभाग के सभी सभी नियम कानून सिर्फ दिखावे के लिए है सूत्रों की माने तो उक्त अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की मौन स्वीकृति प्राप्त है जिसके वजह से इस प्रकार के झोलाछाप डॉक्टर धडल्ले से मरीजों के अनमोल जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है और ज़िम्मेदार विभाग मूक दर्शक बना हुआ है।

### इस प्रकार के झोलाछाप डॉक्टर करते है मौत के सौदागर का काम

झोलाछाप डॉक्टर नन्दलाल जिस प्रकार से मरीजों का इलाज करते है और जिस प्रकार से उनके सत्यम हॉस्पिटल का ऑपरेशन थियेटर है उससे यह साफ तौर पर पता चलता है कि वह मौत के सौदागर के रूप में काम कर रहे है क्योंकि उनका अस्पताल या ऑपरेशन थियेटर स्वास्थ्य विभाग के किसी भी मानक को पूरा नहीं करता है और ना ही कोई डॉक्टर है जो कोई बात बिगड़ने पर मरीज को बचा ले और कोई जब इस प्रकार के झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से किसी मरीज की जान चली जाती है तो यह लोग उनके परिजनों को मोटी रकम देकर मरीज के मौत का सौदा कर लेते है और पुनः अपने मौत की दुकान को संचालित करने लगते है।

## संक्षिप्त सामाचार

### श्रीराम कथा ज्ञान के चतुर्थ दिवस की कथा हूई सम्पन्न मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सुजानगंज /जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के करौरा ग्राम सभा में आयोजित पंच दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में चतुर्थ दिवस की कथा सम्पन्न हुआ. कथा वाचक श्री कनक जी महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को लंका काण्ड की कथा सुनाते हुए बताए कि श्री राम कथा का श्रवण करने से जन्म जन्मांतर की व्यथा मिट जाती है, तत्पश्चात कथा पांडाल में मातृ पितृ पूजन का का शुभारंभ हुआ जिसमें 200 बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन किया इस दौरान संत आशारामजी बापू जी द्वारा बताए गए माता पिता के संदर्भ में मार्मिक प्रसंग को सुनकर उपस्थित लोगों की आंखों भर आई, तत्पश्चात सभी बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन कर उनकी आरती उतार कर संकल्प लिए की अमर सभी अपने माता-पिता की आज्ञा का सदैव पालन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान योगेश सिंह, राजेश सिंह, जितेन्द्र मिश्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमाराम पांडेय ने किया।

### जोरदार भिड़ंत में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**जलालपुर/ जौनपुर।** पराऊगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के चौरी बाजार के पास सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

### राहगीरों को रोककर गाली गलौज देने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जफराबाद /जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर कला गांव के पास राहगीरों को रोककर गाली- गलौज कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर कला गांव का विकास कुमार सोमवार को दोपहर में गांव के पास रास्ते से गुजर रहे राहगीरों और वाहन चालकों को रोककर अनावश्यक रूप से भद्दी- भद्दी गाली गलौज दे रहा था। काफी देर तक यह प्रक्रिया चलता रहा।जिस पर एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने विकास कुमार निवासी सम्मोपुर कला को गिरफ्ताए कर लिया। थाना प्रभारी जफराबाद जय प्रकाश यादव ने बताया कि उक्त युवक का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

### 19 पशुओं के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार डीसीएम में क्रूरता से भरे थे जानवर

**बांदा।** जनपद में पुलिस ने पशु तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। गिरवां थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक डीसीएम वाहन में क्रूरतापूर्वक भरे गए 8 भैंस और 11 पड़वा बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर की गई। एएसपी शिवराज और सीओ नरैनी अम्बुजा त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में गिरवां तिराहे पर यह सफलता मिली। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे अलग-अलग जगहों से घूमकर पशुओं की खरीदारी करते हैं। पुलिस ने इस मामले में गिरवां थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारियों के अनुसार जनपद में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## फिरोजाबाद में सिल्वर पाउडर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

संवाददाता

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के उत्तर क्षेत्र में सोमवार को सिल्वर पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ। कई घंटे के प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना उत्तर क्षेत्र के तहत द्वारका पुरी आवादी के बीच में स्थित सिल्वर पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री में आज दोपहर अचानक आग लग जाने से धमाकों की आवाज से क्षेत्र मे अफरा तफरी मच गई। भीषण आग की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम दम कलों के साथ मौके पर पहुंची। सीएफओ संजय पांडे,सीओ अरुण कुमार चौरसिया तथा थाना प्रभारी राजेशपांडे ने आसपास के मकान को सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवाया।

## आत्मदाह के प्रयास प्रकरण में एसडीएम और एसएचओ हटाये गये

संवाददाता

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के चिलकाना क्षेत्र में कस्बा सुल्तानपुर में भूमि पेमाईश के दौरान एक पक्ष के बुजुर्ग द्वारा आत्मदाह करने के प्रयास के मामले में एसडीएम और थाना प्रभारी को हटा दिया गया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आज एसडीएम सदर अंकुर वर्मा को हटाकर उनकी जगह सुबोध कुमार को नया एसडीएम नियुक्त किया है। इसी के साथ एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने एसएचओ चिलकाना कपिल देव को लाइन हाजिर कर दिया। श्री बंसल ने सोमवार शाम बताया कि आत्मदाह का प्रयास करने वाले किसान वेद प्रकाश (60) का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले को लेकर किसान और सिख समाज के लोगों ने घटना को लेकर गहरा रोष जताया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब है कि कस्बा सुल्तानपुर में जैन समाज के मंदिर की करीब 12 बीघा जमीन है। उसी के साथ करीब 22-23 बीघा जमीन किसान सरदार वेद प्रकाश की है। दोनों पक्षों में भूमि के रकबे को लेकर विवाद चला आ रहा था। प्रशासन ने तीन बार 2 जनवरी को मौके पर जाकर भूमि की पेमाईश करने का प्रयास किया लेकिन सरदार वेद प्रकाश के कड़ा विरोध करने के चलते पेमाईश का कार्य पूरा नहीं किया जा सका। इसी तरह का प्रयास 31 जनवरी को किया गया। वह भी नाकामयाब रहा और अब 8 मार्च को एसडीएम सदर अंकुर वर्मा पुलिस पीएसी लेकर मौके पर गए थे।

उन्होंने राजस्व न्यायालय के आदेश के तहत पेमाईश कराने का काम शुरू ही किया था और दोनों पक्षों के लोगों को पेमाईश स्थल से 100-100 फीट दूर रहने को कहा था।

### नरायनपुर पुलिस चौकी में नए बने शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ संपन्न

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता





**मिर्जापुर।** जिले के अदलहाट थाना अंतर्गत नरायनपुर पुलिस चौकी में बने नए शिव मंदिर का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मिर्जापुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा रहे। लेकिन कुछ विशेष कारण की वजह से वे स्थल पर समय से नहीं पहुंच सके।

थाना प्रभारी अदलहाट अमित मिश्रा ने विधवत पूजा अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। पिछले तीन दिनों से चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में वैदिक मंडल के आचार्य और मुख्य यजमान सीताराम तिवारी एवं उनके सहयोगियों के नेतृत्व में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पूरा क्षेत्र भगवान शिव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समारोह में अदलहाट थाना प्रभारी अमित मिश्रा, नारायणपुर चौकी प्रभारी जयदीप सिंह, कांस्टेबल धनंजय सिंह, जसवंत सिंह, रविंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह सुभाष चंद्र सोनकर, प्रदीप राय, ईश्वर चंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। नारायणपुर क्षेत्र की बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं और बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## संभल में भाजपा नेता की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या

संवाददाता

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जुनाबई के अंतर्गत के ग्राम दबथरा हिमाचल निवासी भाजपा नेता गुलफाम सिंह यादव सोमवार दोपहर के समय अपने गांव में स्थित पशुशाला में बैठे थे कि तभी बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और गुलफाम सिंह यादव को जहरीला इंजेक्शन मार दिया। जहरीला इंजेक्शन लगते ही गुलफाम सिंह यादव तड़पने लगे। गुलफाम यादव को सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उनको हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। अलीगढ़ में गुलफाम सिंह यादव की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मृतक गुलफाम सिंह



यादव का पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरो को खंगाला जा रहा है। कुछ अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे हैं। आरएसएस से सामाजिक जीवन की शुरुआत करने वाले गुलफाम सिंह यादव वर्ष 2004 के उपचुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े थे। गुलफाम सिंह यादव जिला बदायूं के भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य तथा उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भी रहे थे।

## विश्व हिन्दू परिषद् काशी जिला की योजना बैठक सम्पन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** विश्व हिन्दू परिषद् काशी जिले की योजना बैठक गंगेज लॉन, हरिहर कोल्ड स्टोर बाबतपुर में संपन्न हुई । बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना व पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा हुई जिसमें बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, परिषद् वर्ग, दुर्गा वाहिनी वर्ग, मातृ शक्ति वर्ग पर विशेष चर्चा हुई ।

साथ ही प्रयागराज महाकुंभ में संतों की बैठक में पास हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें युवाओं में बढ़ रहे नशाखोरी, हिन्दू परिवार व्यवस्था, हिन्दू पारिवारिक रिश्तों की आवश्यकता व महत्ता, हिन्दू गृह की पहचान, हिन्दू पहचान, इत्यादि अन्य बहुत सारे विषयों पर गहन चर्चा हुई । बैठक में डॉक्टर गणेश जी जिला उपाध्यक्ष, श्रीशरंजन जी जिला सह मंत्री, डॉक्टर अभिषेक जी सह



संयोजक, प्रशांत सिंह जी कार्याध्यक्ष, विवेक जी सत्संग प्रमुख, सतीश जी प्रखण्ड संयोजक बजरंग दल, योगेंद्र जी सामाजिक समरसता प्रमुख के नवीन दायित्व घोषित हुए । योजना बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत संगठन मंत्री माननीय नितिन जी और प्रांत कार्यसमिति सदस्य राजकुमार सिंह जी, जिलाध्यक्ष राजेश पाण्डेय जी, जिला मंत्री पवन जी, जिला संगठन मंत्री आशुतोष जी, जिला धर्म प्रसार प्रमुख संजीव कुमार जी, जिला सह मंत्री चंद्रशेखर सेठ जी, प्रखंड मंत्री ओमप्रकाश जी, धर्म प्रसार प्रमुख जयप्रकाश जी, ओम प्रकाश सेठ जी, शैलेन्द्र जी, सूर्यभान पटेल जी, इत्यादि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## लायंस क्लब जौनपुर गोमती ने गरीबों में बाटे नए वस्त्र व होली सामग्री



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गौराबादशाहपुर /जौनपुर।** लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा धरनीधरपुर बस्ती एवं चाचकपुर बनवासी बस्ती में बच्चों को नए वस्त्र व होली सामग्री (रंग-गुलाल, पिचकारी आदि) का वितरण किया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आगामी प्रमुख पर्व होली पर अपने से कम भाग्यशाली बच्चों के जीवन में रंग बिखरने के उद्देश्य से बच्चों में नए वस्त्र व होली सामग्री का वितरण किया जा रहा है, जिससे वह होली पर्व को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यक्रम में संयोजक मिथिलेश मिश्रा,अनिल साहू, सचिव नवीन मिश्रा, निवर्तमान अध्यक्ष धनंजय पाठक, उपाध्यक्ष डा राजेश मौर्या, गौरव श्रीवास्तव, गणेश गुप्ता, अरविंद बैंकर, ऋषिदेव साहू, सुनील कश्यप आदि प्रमुख सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## कायस्थ समाज जौनपुर के सभी संगठनों की एक आवश्यक बैठक हुई संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** श्री चित्रगुप्त धर्मशाला रूहटा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जौनपुर के जिला महासचिव विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी सीआरओ जौनपुर अजय अंबष्ट जी रहे।

मुख्य अतिथि अजय अंबष्ट जी ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी के मंदिर में पूजन कर आज मैं धन्य हो गया मंदिर हित में जो भी कार्य होगा उसे निष्ठापूर्वक पूरा किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि जौनपुर के सभी संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह/शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 23 मार्च रविवार को शाम 4 बजे से सिद्धार्थ उपवन जेसिज चौराहे में आयोजित किया गया है। जिसमें कार्यक्रम संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष



कायस्थ महासभा 7235 के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास्तव,राष्ट्रीय सचिव कायस्थ महासभा 7235 के राकेश श्रीवास्तव साधु , राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया, प्रदेश संगठन मंत्री उमेश श्रीवास्तव फूफा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश अस्थाना, कायस्थ महासभा 7235 के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव, कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा अज्जू, राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के जिला अध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव दादा पूर्व बैंक अधिकारी जी कार्यक्रम संयोजक बनाए गए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह विधायक प्रयागराज, वन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना जी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव जी, के पी ट्रस्ट प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा जी, आई पी एस वी पी श्रीवास्तव पूर्व पुलिस अधीक्षक जौनपुर, पूर्व पुलिस अधीक्षक जौनपुर अतुल सक्सेना,ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष/राष्ट्रीय प्रवक्ता जेडीयू दल,अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय दिनेश खरे, राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई मयंक श्रीवास्तव, सहित अन्य कायस्थ समाज के वरिष्ठ नेता मंत्री जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण अतिथि के रूप में भाग लेंगे। बैठक में सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई और ज्यादा से ज्यादा संख्या मे लोग 23 मार्च रविवार को शाम सिद्धार्थ उपवन पहुंचे रणनीति बनाई गई जनपद के सभी कायस्थों को आमंत्रित किया गया है।

बैठक में महिला जिला अध्यक्ष कायस्थ महासभा डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव महिला, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद सुमति श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ज्योति श्रीवास्तव , महिला जिलाध्यक्ष चित्रांश महासभा सँजुला श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष संघ अंतर्राष्ट्रीय प्रियंका श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव संतोष श्रीवास्तव सोनू, स्वागत प्रभारी गौरव श्रीवास्तव राजा, युवा जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तव डॉ एन के सिन्हा,डॉ निलेश श्रीवास्तव डॉ विवेक, श्रीवास्तव डॉ शिखर कांत श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मोहन, रितेश, प्रदीप श्रीवास्तव कोटवा,श्रीवास्तव सुनील श्रीवास्तव, संतोष निगम, संदीप श्रीवास्तव पत्रकार, विजई श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी राकेश श्रीवास्तव,अनीस श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता शिव शंकर श्रीवास्तव, अमर श्रीवास्तव डॉ मिथलेश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, राकेश श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव,धीरज श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव , जितेंद्र श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, प्रतीक श्रीवास्तव, अजय वर्मा, के डी वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव विशाल श्रीवास्तव प्रशांत पंकज श्रीवास्तव सोनू एडवोकेट, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# भगवान को अर्पित फूलों, मेथी और अनार के छिलकों से तैयार किया गुलाल

## त्वचा को नहीं पहुंचेगा नुकसान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद में इस बार होली खास और सुरक्षित होगी। इस बार अधिसंख्य लोग होली में कैमिकल वाले अबीर गुलाल के बजाए शुद्ध प्राकृतिक गुलाल से लोग रंगों का पर्व मनाएंगे। इसके लिए जिले के नौ ब्लाकों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं तैयारी कर रही हैं। मंदिरों में चढ़े और वहां से निकलने वाले फूलों, चुकंदर व आरारोट आदि से गुलाल और अबीर तैयार किया जा रहा है। मंदिरों पर चढ़े फूलों से से बने अबीर- गुलाल की मांग भी खूब हो रही है।

होली का पर्व नजदीक है। ऐसे में बाजारों में तरह-तरह के रंग व गुलाल बिक रहे हैं। यह अबीर गुलाल त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ऐसे में बलरामपुर जनपद के विभिन्न ब्लाकों में कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक पहल की है। इन महिलाओं ने पिछले कई दिनों से जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों को इकट्ठा किया। इनको सुखाकर अब गुलाल बनाया जा रहा है। समूह में शामिल महिलाओं का कहना है कि हर्बल रंग एवं गुलाल बनाने के लिए फूल पत्तियों, बीजों और सब्जियों का उपयोग किया जाता है। लाल रंग के लिए चुकंदर को उबालकर या उसे सुखाकर पाउडर बना लिया जाता है। इसी तरह से गुलहड़ के फूल को सुखाकर तथा उसे बारीक पीसा जाता है। अनार के छिल्कों को पानी में उबालकर इससे लाल रंग हासिल किया जाता है। हल्दी बेसन व आटे को साथ मिलाकर सूखा रंग तैयार हो जाता है। स्वयं सहायता समूह में शामिल सरिता शुक्ला, अनीता यादव, पुष्पा व रमावती ने बताया कि गेंदा फूल को सुखाने के बाद उसे पीसकर व पानी में उबालकर एक घोल बनाया जाता है। पालक और मेथी की पत्तियों से बने पावडर को भी इस रंग में मिलाया जा रहा है। फूलों से बनकर तैयार हो रहे यह गुलाल लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। इसमें गजब की खुशबू आ रही है। बाजार में इसकी मांग भी तेजी से बढ़ रही है। उन लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

# राजस्व वाद निस्तारण में श्रावस्ती को पहला स्थान मिला

शकुन टाइम्स संवाददाता




**श्रावस्ती।** राजस्व वाद निस्तारण में श्रावस्ती जनपद को सूबे में पहला स्थान मिला है। इसमें धारा 116 के तहत निस्तारित वाद में 10 जनपदों के सापेक्ष श्रावस्ती शीर्ष स्थान पर है। वहीं धारा 67 के तहत जनपद को चौथा स्थान मिला है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि राजस्व वादों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। शासन की ओर से राजस्व वादों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जा रही है। जिसके तहत राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली पोर्टल पर फरवरी महीने की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से विभिन्न धारावार टॉप-10 जनपदों की प्रदेश स्तरीय रैंक जारी की गयी है। जिसमें धारा-116 के तहत राजस्व संहिता के वादों जैसे निजी भूमियों के आपसी बंटवारे का वाद निस्तारण में फरवरी में श्रावस्ती जनपद को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही धारा-67 के तहत राजस्व संहिता के वादों जैसे सार्वजनिक, ग्राम समाज भूमि से बेदखली के वाद निस्तारण में फरवरी महीने में टॉप-10 जनपदों की सूची में श्रावस्ती चौथे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से राजस्व वादों के निस्तारण की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। साथ ही समस्त राजस्व पीठासीन अधिकारी को अभियान चलाकर गुणदोष के आधार पर वादों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त सामाचार

### मार्ग चौड़ीकरण को लेकर हुआ भूमि पूजन

**बलरामपुर/तुलसीपुर।** विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर की महत्वपूर्ण सड़क पिपरहवा चौराहा-नन्दमहरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण को लेकर भूमि पूजन किया गया। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर मिथिलेश नाथ योगी, विधायक कैलाश नाथ शुक्ल व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन सम्पन्न किया गया। विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने कहा कि इस सड़क का चौड़ीकरण होने से नेपाल की सीमा पर स्थित विधानसभा के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। केन्द्र व प्रदेश सरकार देश की जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार कराने को लेकर गंभीर है। जिले की लगभग 90 प्रतिशत ग्रामीण अंचल की सड़कों की हालत सुधारी जा चुकी है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता राम प्रसाद सिंह, सिद्ध नाथ द्विवेदी, राजू गुप्ता, संतोष जायसवाल, महंत राम गुप्ता सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बहराइच।** सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के विरोध में बहराइच के पत्रकारों ने सोमवार को डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पत्रकारों ने हत्या में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी है। यूनियन ने राज्य सरकार से विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की है। पत्रकारों पर होने वाले हमलों के मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की भी मांग की गई है।

### संस्कार शाला के शिक्षकों के प्रशिक्षण के साथ मनाया पर्व, फगुआ गीतों पर झूमे लोग

**बहराइच।** नानपारा में होली का रंग शुरू हो गया है। पंचवटी श्रीसीताराम आश्रम की 20 संस्कार शालाओं के शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ होली का आगाज हुआ। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर, कृष्णपुरी रुपईडीहा रोड स्थित प्रांगण में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अनिता शुक्ला, डॉ. वीरांगना कांत और पवन वर्मा ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में गुरुदेव पंडित रविशंकर गुरुभाई की अध्यक्षता में आश्रम की आगामी 6 माह की योजनाओं पर चर्चा की गई। शिक्षकों को मानदेय के साथ-साथ बच्चों के लिए चटाई, टॉफी, परिचय पत्र और मां सरस्वती का बोर्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम में पंडित राम उजागर मिश्र, राधे श्याम मौर्य, उमेश चंद्र शाह, पवन दुबे, ओम पोद्दार और हरी शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अबीर-गुलाल और फूलों से होली खेली।

### स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बस्ती।** नगर में सेंट जोसेफस्कूल द्वारा होली न खेलने के निर्देश को लेकर विवाद बढ़ गया है। भाजपा नेता और समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने सोमवार को डीएम के प्रशासनिक अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने स्कूल की मान्यता समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। चन्द्रमणि पाण्डेय का आरोप है कि जिगिना स्थित सेंट जोसेफस्कूल सनातन परंपराओं में हस्तक्षेप कर रहा है। स्कूल ने छात्रों और अभिभावकों को होली न खेलने का निर्देश जारी किया था।

# खाटू श्याम निशान यात्रा में हुई अबीर गुलाल और और फूलों की बारिश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बहराइच।** खाटू श्याम निशान यात्रा सोमवार को नानपारा और रूपईडीहा में श्याम भक्तों की ओर से निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान जमकर अबीर गुलाल और फूल बरसाए गए। सुरक्षा को लेकर पुलिस भी मुस्तैद रही।

इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा धर्मशाला से सुबह श्रद्धालुओं की निशान यात्रा खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुई। पैदल पद शोभा यात्रा में श्याम निशान यात्रा मारवाड़ी और कसौधन समाज ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुबह 7 बजे रुपईडीहा कस्बे के स्थानीय धर्मशाला से 491 से अधिक निशान यात्रा में शामिल रहे। इसमें 35 निशान चांदी के बनाया गया है। निशान शोभा यात्रा नेशनल हाईवे एन एच 927 के मार्ग से खाटू श्याम मंदिर नानपारा के लिए रवाना हुआ। जहां श्रद्धालु श्याम बाबा को सभी निशान अर्पित करेंगे। नानपारा में दोपहर में निकली निशान यात्रा का पूरे नगर में भ्रमण करवाया गया। खाटू श्याम पैदल पदयात्रा में अयोध्या धाम से चलकर आए रिंकी गुप्ता, गौतम गुप्ता, गौरव गुप्ता, श्याम निशान लेकर रुपईडीहा से पैदल पद यात्रा में निशान लेकर नानपारा खाटू श्याम मंदिर पहुंच कर उन्होंने निशान श्याम बाबा को झूमते गाते हुए अर्पित किया। शोभा यात्रा के अवसर पर नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य, प्रतिनिधि डॉक्टर अश्विनी कुमार वैश्य, निर्मला गुप्ता विष्णु गुप्ता, कमल गुप्ता, अनमोल गुप्ता माही गुप्ता रज्जू वैश्य पंखुड़ी गुप्ता रतन अग्रवाल, विजय कुमार मित्तल, राजीव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय वर्मा, केसरी प्रसाद सोनी, बृज नरेश श्रीवास्तव, आरती दीक्षित, कौशलेंद्र पांडेय, अनूप अग्रवाल, नरेश मित्तल, बलराम मिश्र, कृष्ण मोहन सिंह, कन्हैया वर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द आपरेशन शिविर का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**पीपीगंज/ गोरखपुर।** श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कालेज हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ के संयुक्त तत्वावधान में 'निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द चयन शिविर' का आयोजन दिग्विजयनाथ इण्टर कालेज चौकमाफी पीपीगंज गोरखपुर में किया गया।

नेत्र शिविर में लगभग 150 रोगियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। नेत्र रोगियों को परामर्श के उपरान्त निःशुल्क दवाएं भी दी गयी। चिकित्सालय के उच्चीकृत नेत्र विभाग द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण बीमारी जैसे- मोतियाबिन्द काला मोतिया, भैगापन तथा आंख की अन्य रोगों की निःशुल्क जांच भी हुई। नेत्र परीक्षण के बाद 17 रोगियों को नेत्र विभाग द्वारा चिन्हित किया गया है जिन्हे आपरेशन की तारीख दी गयी है। वह रोगी दिए गए तारीख को गोरक्षनाथ चिकित्सालय में आयेंगे और उनका निःशुल्क आपरेशन होगा। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष तिवारी, डॉ. एम.एल. जायसवाल, डॉ. नवेन्दू राय ने रोगियों का परीक्षण किया। रोगियो का फिटनेस डॉ. अंशु सिंह वरिष्ठ फिजिशियन ने किया। आपरेशन के पूर्व जांचकर आपरेशन की तारीख दी गयी। मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन बिना टांका विधि से गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक उमापति तिवारी व प्रधानाचार्य केशव त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह नेगी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिकित्सालय के निदेशक कर्नल (डॉ) हिमांशु दीक्षित, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, रूपक शर्मा, पूर्व प्रधान मृत्युंजय सिंह विजय शंकर यादव मधुसूदन मिश्रा अमित सिंह मोनू हेमंत राय सौरभ चौरसिया लाला यादव डॉ आरके वर्मा आशुतोष तिवारी रामकृपाल सिंह अलका दुबे अमरेश सिंह भागवत साहनी गोविन्द यादव अश्वनी मिश्रा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्व. राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को कम से कम फांसी की सजा मिले : रत्नाकर सिंह

## पत्नी को सरकारी नौकरी, बच्चों की परवरिश के साथ 50 लाख रुपए सरकार प्रदान करे

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** सीतापुर के पत्रकार श्री राघवेंद्र वाजपेई की हत्या एक निकृष्ठतम अपराध है, जिसकी सजा फांसी से कम कतई मंजूर नहीं है। उक्त विचार गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के तीन स्थाई स्तंभ को अवलंबन प्रदान करने वाला चतुर्थ स्तंभ है, जिस पर प्रहार पूरे लोकतंत्र को चुटहिल कर देता है। श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय वाजपेई एक जुझारू, निर्भीक पत्रकार थे, जो दैनिक जागरण में रहकर समाज में अपना योगदान प्रदान करते थे। उनकी हत्या एक दुर्घटना नहीं सुनियोजित साजिश है। इसलिए सरकार इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई कर अपराधियों को न्यूनतम फांसी की सजा प्रदान करे। साथ ही स्वर्गीय वाजपेई की पत्नी को सरकारी नौकरी, उनके बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था के साथ उनके परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। श्री सिंह ने योगी सरकार से मांग किया कि पत्रकारों पर होने वाले किसी भी प्रकार के हमले पर रोक के लिए सरकार को कड़े से कड़ा कदम उठाना चाहिए। इस दौरान श्री सिंह के साथ गोजए महामंत्री अरुण सिंह, प्रेस क्लब गोरखपुर के महामंत्री वहाब खान, प्रेस क्लब के संयुक्त मंत्री शीलवर्धन प्रताप सिंह, प्रेस क्लब के तकनीकी प्रभारी सुनील सिंह, गोजए विधि सलाहकार समिति के दयाराम सोनकर, आकाश सिंह, प्रवीण मद्धेशिया, दबीर आलम आदि उपस्थित थे। इस दौरान स्वर्गीय राघवेंद्र वाजपेई को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

# सामूहिक विवाह में 100 जोड़ों की हुई शादी, 2 का हुआ निकाह

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बस्ती।** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 100 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। एक मैरिज हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में कप्तानगंज विकासखंड के 64, कप्तानगंज नगर पंचायत के 5 और दुबौलिया विकासखंड के 31 जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधे। आचार्य जगराम ने हिंदू रीति-रिवाज से 98 जोड़ों को सात फेरों के साथ विवाह बंधन में बांधा। इसी कार्यक्रम में 2 मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न हुआ। विधायक प्रतिनिधि गुलाब सोनकर ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। प्रमुख प्रतिनिधि भोला निषाद ने कहा कि सरकार ने सामाजिक समरसता बढ़ाने और बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी उठाने का बीड़ा उठाया है। हर साल सरकारी खर्च पर हजारों जोड़ों की शादी कराई जा रही है। नगर पंचायत कप्तानगंज के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने नवविवाहित जोड़ों को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। सभी जोड़ों को सरकार द्वारा निर्धारित पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रकाश पांडेय, कप्तानगंज के खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार और दुबौलिया के संदीप सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशांत खरे, नीरज गौतम, नरेंद्र पांडेय, सुमन देवी, सुशील श्रीवास्तव, मंजू वाला त्रिपाठी, अरविंद चौधरी, उदितांशु शुक्ल और प्रिया सिंह का विशेष योगदान रहा।

# स्वास्थ्य सेवाओं मे आशाओ ने जगायी आशा की किरण : प्रज्ञा त्रिपाठी

## बहराइच महोत्सव में सम्मानित किये गए स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता व अधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बहराइच।** बहराइच की एम एल सी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा है की आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं को धरातल पर अमली जामा पहनाने का काम किया है स जिसकी वजह से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य मे बेहतर सुधार देखने को मिल रहा है स उन्हीने कहा कि सस्थागत प्रसव बढ़ने के कारण मातृ एवं शिशु मृत्यु दर मे कमी आयी है स डॉ त्रिपाठी बहराइच महोत्सव मे आयोजित आशा कार्यकर्ताओ के सम्मलेन को मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित कर रही थी उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जीवन की अनमोल कड़ी है स जब शरीर स्वस्थ और निरोग रहेगा तो हर मुश्किल आसान हो जायेगी।बहराइच महोत्सव के तहत सोमवार को आशा कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमे बेहतर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और आशा संगिनियों सहित स्वास्थ्य अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

यह सम्मान मुख्य रूप से संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन की स्थायी विधि, टीकाकरण और गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल में उत्कृष्ट योगदान करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया स डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने आशाओ के साथ काम करने वाले स्वास्थ्य अधिकारियो को भी सम्मानित किया स सम्मानित होने वाले स्वास्थ्य अधिकारियो मे जिला स्वास्थ्य एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो. राशिद, यूपी टीएसयू के यशपाल मिश्रा, विशेश्वरगंज के बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा, तेजवापुर के बीसीपीएम रोहित वर्मा, पखरपुर के बीसीपीएम मो. शकील, अरुण मौर्या, चंद्रेश्वर पाठक, जेके चौबे और कामिनी शुक्ला शामिल रही। इसके अलावा जिले की तीन सर्वश्रेष्ठ आशा संगिनी- बलहा ब्लॉक की संजू वर्मा, फखरपुर की हेमवती सिंह और तेजवापुर की अर्चना देवी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंथन कल्चर सोसायटी, गोंडा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

# आशा व संगिनी को मिले सरकारी कर्मी का दर्जा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती/इकौना।** आशा व आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की ओर से सोमवार को इकौना में पैदल मार्च निकाला गया। साथ ही तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने समेत अन्य मांगे रखी गई। संगठन के जिलाध्यक्ष उमा मिश्रा की अगुवाई में आशा व आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

इकौना तहसील पहुंचकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ओम प्रकास को सौंपा। मांग करते हुए कहा कि आशा व संगिनी लंम्बे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रयास कर रही हैं। बार बार पत्राचार करने के बाद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। कोविड जैसी महामारी में भी आशा व आशा संगिनी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अहम भूमिका निभाई। इसके बाद भी सरकार ध्यान नहीं दे रही हैं। कहा कि सभी आशा व आशा संगिनी को सरकारी कर्मचारी की दजा दिया जाय। सेवा नियमावली से आच्छादित करते हुए ईपीएफ की सुविधा प्रदान की जाय। आशा, आशा संगीनियों को 20 से 25 दिन के स्थान पर राज्य कर्मचारी की तरह 30 दिन का वेतन भुगतान किया जाय।

सर्दी व गर्मी की अलग-अलग वर्दी दी जाय। सेवानिवृत्त होने पर सरकारी कर्मचारी की तरह पेंशन दिया जाय। इस मौके पर कुसुमावती, सुशीला, गौरी, पूनम शुक्ला, राधा चौहान, लज्जा देवी, सावित्री देवी, पूजा सिंह, मीना त्रिपाठी, संगीता तिवारी, कांति पाठक, माधुरी देवी, आरती देवी, सुमन आदि आशा व आशा संगिनी मौजूद रही।

# दिव्यांगजनों की मजबूती के लिये सक्षम सबसे आगे: डॉ0 शिवशंकर शाही

## आईएमए और जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों के साथ मनायी होली, होली के गानों पर झूमें

शकुन टाइम्स संवाददाता




- दिव्यांगजनों के कार्यक्रम में शामिल होना सौभाग्य की बात : विधायक बिपिन सिंह
- भाजपा सरकार ने बढ़ाया दिव्यांगजनों का सम्मान : विधायक प्रदीप शुक्ला

**गोरखपुर।** पूर्वांचल दिव्यांग महासभा गोरखपुर के तत्वावधान में दिव्यांग जनों ने आई एम ए सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में सक्षम गोरक्षप्रान्त के अध्यक्ष एवं शाही ग्लोबल हॉस्पिटल के निदेशक डा0 शिवशंकर शाही एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक बिपिन सिंह एवं सहजनवा विधानसभा विधायक प्रदीप शुक्ला ने दिव्यांगजनों के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया।

डा0शिवशंकर शाही ने आपसी सौहार्द के पर्व होली की बधाई देते हुए कहा कि हमारी टीम दिव्यांगजनों के सुख दुख में सदैव साथ खड़ी रहती है हम कोई भी त्योहार एवं पर्व को सबसे पहले दिव्यांगजनों के साथ ही मनाते है। उन्होंने कहा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के साथ उन्हें सक्षम बनाने व उनको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु हम सभी सदैव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की चिकित्सा परामर्श एवं उपचार हेतु शाही ग्लोबल हॉस्पिटल सदैव तत्पर रहता है एवं समाज के दिव्यांगजनों व गरीब लोगों के लिये निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए हमारी टीम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प का भी आयोजन कर सेवा प्रदान करती है।

प्रत्येक दिव्यांगजनों जनों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का हम सरकार से अनुरोध प्रस्ताव भी हम लगातार कर रहे हैं। जिससे दिव्यांगजनों को निःशुल्क चिकित्सा मुहैया करायी जा सके।

ग्रामीण विधायक बिपिन सिंह एवं सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ किसी भी कार्यक्रम में शामिल होना हम सभी के लिये सौभाग्य की बात है कहा कि भले ही कई कार्यक्रम छूट जाए किंतु दिव्यांगजनों के कार्यक्रम में शामिल होने में बड़ी प्रसन्नता होती है। विधायक द्वय ने कहा कि देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांग नाम देकर दिव्यांगजनों का सम्मान बढ़ाया है, मोदी योगी सरकार द्वारा अनेकों लाभकारी योजनाओं का लाभ सीधे दिव्यांगजनों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे सरकार हो या संगठन दिव्यांगजनों को मुख्य धारा में लाने का निरन्तर प्रयास होना चाहिए।

दिव्यांगजनों के कार्यक्रम में उपस्थित भोजपुरी गायक मनोज मिहिर ने होली के गाने गा कर दिव्यांगजनों को उत्साहित किया। उनका साथ देते हुए डा0शिवशंकर शाही व विधायक बिपिन सिंह और विधायक प्रदीप शुक्ला ने भी होली के गाने पर झूमे और दिव्यांगजनों का उत्साह बढ़ाया, पुष्प वर्षा करते हुए अबीर गुलाल लगाया और उपस्थित सभी दिव्यांगजनों को होली की आत्मीय बधाई दी। अपने जनप्रतिनिधियों के साथ दिव्यांगजन भी खूब झूमे नाचे गाए, हर्षोल्लास के साथ होली मनायी व गुझिया खाकर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दिए।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वांचल दिव्यांग महासभा के अध्यक्ष सन्तोष जायसवाल ने किया तथा संचालन भाजपा प्रदेश सह संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ अवनीश कुमार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुलाब साहनी, उमेश चन्द किरण, प्रभात कुमार वर्मा, बनारसी लाल निषाद, सुदर्शन कुमार, अनिल कुमार, सहाबुद्दीन, उग्रसेन, सुभाष चंद मौर्य, अमन प्रजापति, सन्तोष चौरसिया, घुरहू निषाद, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी के एम मझवार, अनिल कुमार, हिमांशु राणा प्रजापति आदि उपस्थित थे।



# रामगढ़ मस्जिद में तरावीह मुकम्मल, वतन की सलामती व तरक्की के लिए माँगी दुआ

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ।** विकास खंड अंतर्गत रामगढ़ में आज मस्जिद गरीब नवाज़ में तरावीह मुकम्मल हुई जिसमें भारी तादात में अकीदतमंद शरीक हुए और शवाबे दारिन हासिल किये। रामगढ़ मस्जिद में चाँद रात से ही ईसा की नमाज़ के फर्ज पढने के बाद तरावीह का तिलावत चालू हो गई थी, तरावीह मर्द और औरत दोनों के लिए जरूरी है।तराबी तरबीहा की जमात है। नमाजे तराबीह की शुरुआत सरकारे दो आलम सल्लल्लाहु तालाअलैहि दोवसल्लम के जमाने से ही शुरू हो गई थी। तरावीह पढने से चेहरे पर नूर आता है. माहे रमजान में रोजेदार बडे अकीदत व ईमान के साथ रोजा रखकर खुदा को राजी करने और अपनी दुवाओ से नवाजने के लिए



तरावीह पढते हैं। रामगढ़ मस्जिद के मौलाना जनाब फैजूल्लाह अंसारी और सढान के हाफिजे कुरान ने आज तरावीह की आखिरी नमाज पढाई, नमाज में उन्होंने अल्लाह से दुआ किया कि,मेरे मेरे वतन और वतन के परेशान लोगों को सभी दुख तकलीफ से दूर रख, मेरे वतन में जो हिन्दू मुस्लिम के बीच दूरी हो गई है उन्हें एक दूसरे के करीब ला, जो राह से भटक गए हैं उन्हें दीन के करीब ला।सभी मुस्लिम व हिन्दू भाईयों से गुजारिश किया कि होली के दिन जुम्मे की नमाज़ शान्ति और सौहार्द से अदा करें ताकि रामगढ़ गाँव में गंगा जमुनी तहजीब कायम रहें

**वो चोटी की बनावट हो, कि वो टोपी की सजावट हो,**

बिना इंसानियत के कोई सर पूरा नहीं होता। मौलाना ने लोगों से गुजारिश किया कि तरावीह मुकम्मल होने के बाद भी ईद के चाँद तक सुरह तरावीह पढाई जायेगी अत: सभी से गुजारिश हैं कि अधिक से अधिक तादात में आकर सवाबें दारिन हासिल करें। इस दावते तरावीह में हाजी मंसूर, हाजी मुनव्वर अली, अरमान अली, अकरम अली, इदरीश अली, सुनीर टेलर, जहाँगीर, रियाज टेलर, जमालुद्दीन प्रथम, शाकिर अली, रफीउल्लाह, अमजद हुसैन, फोजदार अंसारी जमालू, भूद्धू,बहादुर अंसारी, फिरोज, हैदर अली, नईम,,गब्बर अंसारी, बबलू अंसारी, बच्चें व बुजुर्ग शामिल रहें।

# नवोदय विद्यालय में बच्चो का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## बदलते मौसम को लेकर स्वास्थ्य विभाग हुआ सक्रिय

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां।** क्षेत्र के बैराठ स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बदलते मौषम को लेकर छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार द्वारा बच्चो को खान पान की उचित सलाह दिया। बैराठ स्थित श्री पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगभग प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है किन्तु इन दिनों बदलते मौषम को लेकर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण तेज कर दिया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा बच्चो का जांच कर दवा के साथ उचित सलाह भी दिया जा रहा है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार ने सभी लोगो को बदलते



मौषम में सलाह देते हुए कहा कि आप लोग अपने खान पान पर विशेष ध्यान दे। मौषम परिवर्तन के साथ ही सर्दी,जुखाम,खांसी,बुखार इत्यादि की समस्या ज्यादा होती है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराकर दवा ले। ऐसे में गरिष्ठ भोजन न लेकर सादा भोजन के साथ साथ पानी को उबालकर हल्का गर्म पानी लीजिए।

# संक्षिप्त सामाचार

## होली से पहले खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, 9 दुकानों से लिए सैंपल

**उरई/जालौन।** जालौन में होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त और डीएम राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कालपी के एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम कुमार त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। टरननगंज में श्याम किशोर की दुकान से नमकीन और राजेंद्र प्रसाद के यहां से मखाने का नमूना लिया गया। धर्मेंद्र कुमार के यहां से पनीर, राधा मोहन ट्रेडर्स से घी और श्रीराम गुप्ता की दुकान से बेसन का नमूना लिया। उदय गुप्ता की दुकान से मिर्च पाउडर और चिप्स के नमूने लिए गए। कदौरा बस स्टैंड पर अनिल कुमार की दुकान से खोया, सुनील कुमार के यहां से बूंदी का लड्डू और मिल्क केक तथा राम शिरोमणि की दुकान से खोये का नमूना लिया गया। टीम ने सभी दुकानदारों को साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्हें शुद्ध खाद्य पदार्थ बेचने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि होली त्योहार को देखते हुए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## होटल में ले जाकर युवती से रेप

**इटावा।** कानपुर में एक होटल में रेप के बाद युवती को भगाकर ले जा रहे आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची की रहने वाली युवती और गोरखपुर के युवक को पुरी-नई दिल्ली नीलांचल एक्सप्रेस से इटावा जंक्शन पर उतारा गया। युवती ने युवक पर रेप कर इसको जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। ट्रेन के एसएलआर कोच में सवार युवती की मदद के लिए यात्री आगे आए। युवती ने यात्रियों को बताया कि आरोपी ने कानपुर के एक होटल में उसके साथ बलात्कार किया और अब उसे जबरन ले जा रहा है। पाता स्टेशन के पास आरोपी ने चेन खींचकर भागने की कोशिश की। यात्रियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया और ट्रेन में वापस लाए। टूंडला कंट्रोल से सूचना मिलने पर इटावा जंक्शन पर सुबह 11.37 बजे ट्रेन को रोका गया। टूंडला कंट्रोल रूम से इटावा रेलवे स्टेशन को इस मामले की सूचना दी गई थी।

## आवारा सांड की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**उन्नाव।** पुरवा थाना क्षेत्र में आवारा सांड की टक्कर से एक युवक की जान चली गई। बखतखेड़ा के पास हुई इस घटना में 18 वर्षीय छोटू की मौत हो गई। वह खतरिनखेड़ा गांव का रहने वाला था। छोटू हरियाणा में मजदूरी करता था। वह तीन दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। सोमवार को वह बाइक से जा रहा था। इसी दौरान बखतखेड़ा के पास एक आवारा सांड ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छोटू सड़क पर गिर गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। छोटू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह अपने परिवार की आर्थिक मदद के लिए हरियाणा में काम करता था। उसकी मौत से परिवार टूट गया है। मां-बाप और भाई-बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग इस हादसे से नाराज हैं। उनका कहना है कि सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कई बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुरवा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा किया। उसे पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि आवारा पशुओं को जल्द से जल्द गौशालाओं में भेजा जाए।

# चरण दो के बैनामा के लिए अधिकारियों ने किया दौरा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे सरकार द्वारा विकसित किये जा रहे औद्योगिक गलियारे के दूसरे चरण के बैनामा शुरू होने के आसार जगे हैं। उप जिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी एवं यूपीडा के भूद्रअर्जन अधिकारी नागेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे अधिग्रहित की जा रही औद्योगिक गलियारे की जमीन का मौका मुआयना किया। प्रथम चरण में 105 हे. भूमिका बैनामा शासन द्वारा प्रस्तावित था जिसमें लगभग 85त्न बैनामा पूर्ण हो चुका है शेष भूमि का बैनामा में विवाद के कारण फंसा हुआ है। दूसरे चरण के लिए 288 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण औद्योगिक गलियारे के लिए किया जाना है। दूसरे चरण के बैनामा के लिए चकबाला, भोपतपुर, चकफातमा अवथही बसंत



आदि राजस्व गांव में बैनामा होना है। यूपीडा द्वारा पहले ही सभी भूखंडों का गजट समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा चुका है। काफी समय से बनाने का कार्य धीरे गति से चल रहा था। अधिकारियों के दौरे से बैनामा के कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। औद्योगिक गलियारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसमें बड़े उद्योग लगाए जाने हैं। जिससे स्थानीय युवाओं को नौकरी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा थाना दुद्धी पर शान्ति-समिति की बैठक आयोजित की गयी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**दुद्धी /सोनभद।** जिलाधिकारी सोनभद्र श्री बी.एन.सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में थाना दुद्धी पर आगामी त्यौहार होली व रमजान माह के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना दुद्धी पर जनपद के धर्मगुरुओं, प्रबुद्धजन, गणमान्य/संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शान्ति-समिति की बैठक आयोजित की गई ।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी पर विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं/सम्भ्रान्त व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों, डी0जे0 संचालकों, नगर पंचायत विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ शान्ति समिति/पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी ।इस दौरान गोष्ठी में उपस्थित सभी लोगों से वार्ता कर



उपरोक्त त्यौहार को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी। साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें । साथ ही सभी से अनुरोध किया गया कि अपने परिवार व आप-पास के व्यक्तियों को भी प्रेरित एवं जागरूक करें तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं अफवाहों के संबंध में भी लोगो को सचेत/जागरूक रहने हेतु बताया गया ।इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गए ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिक्षा संस्कार, समाज और राष्ट्र सेवा की बुनियाद-धन्नजय सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां।** लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ़ में एनएसएस शिविर का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक प्रबंधक धनंजय सिंह और मुख्य अतिथि डॉ मदन राम ने मां सरस्वती बाबा कीनाराम और लोकनाथ सिंह के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण करके किया। अतिथि सम्मान की श्रृंखला में महाविद्यालय के प्रवक्ताओ व अध्यापको व कर्मचारियों ने कार्यक्रम के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। स्वयंसेवकों ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत और बाबा कीनाराम का भजन प्रस्तुत कर राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन समारोह को संगीतमय बनाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ




मदन राम ने सभी स्वयंसेवक और सेविकाओं को उनके कार्य शैली और उनके अभिरुचि के प्रति बधाई देते हुए निज भविष्य में उसे अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए कहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक धनंजय सिंह ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिक्षा संस्कार, समाज और राष्ट्र सेवा की बुनियाद है, उन्होंने शैक्षणिक साहित्यिक कला और क्रीडा से संबंधित अपने अनुभव साझा करते हुए एनएसएस के प्रति अवधारणाएं रही और आज उसका आधार स्तंभ क्या है उस पर विशेष रूप से परिचर्चा कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना के उन सभी पहलुओं को गहराई से बताते हुए उन्हें जीवन मे उतारने की प्रेरणा दी ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 सर्वेश शर्मा, डॉक्टर नीलम प्रजापति डॉक्टर गोविंद नारायण रितेश पांडे सिद्धार्थ शंकर ओझा अभिषेक चौबे अवधेश सिंह धीरेंद्र राय भृगुनाथ पाठक अमित सिंह आशुतोष चौरसिया सजवंत रामदुलार प्रेमचंद पप्पू आदि उपस्थित रहें। संचालक रितेश पाण्डेय ने किया।

# पत्रकार की हत्या पर जौनपुर पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम समेत दर्जनों की संख्या में पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के जरिए सरकार से मांग की गई है कि पत्रकार राजेंद्र वाजपेई के हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसी के साथ परिजन को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता और एक सरकारी नौकरी दी जाए। श्री क्षेम ने कहा कि पत्रकार जनता की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचने का कार्य करता है। ऐसे में यदि पत्रकारों की जान को खतरा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा ? विदित हो कि

सीतापुर में पत्रकार राजेन्द्र वाजपेयी की हत्या कर दी गयी थी। वे अपनी बाइक से लखनऊ-दिल्ली



नेशनल से गुजर रहे थे कि बदमाशों ने टक्कर मारकर उनकी बाइक गिरा दी उसके बाद कई राउंड गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम, डॉ . राम सिंगार शुक्ल गादेला ,डा. मधुकर तिवारी, रामदयाल द्विवेदी, शशिशेखर सिंह, राजेश मौर्य, प्रकाश चन्द्र शुक्ला,जेड हुसैन बाबू, बोला विश्वकर्मा सुधीर सिंह, काजू सिंह, पंकज , सुनील सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## शहजादी के पिता की जमीन पर कब्जा, प्रतिष्ठित डॉक्टर पर जबरन निर्माण का आरोप

**बांदा।** जनपद में भू-माफिया की दबंगई का एक और मामला सामने आया है। मटौंध थाना क्षेत्र के गांव गोयरा मुगली के किसान शब्बीर खान ने शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर ए.के. भारद्वाज पर जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। शब्बीर खान ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी गाटा संख्या 1492ध्1647 पर कृषि भूमि है। वह इस जमीन के कानूनी मालिक हैं और काबिज दखील हैं। डॉ. भारद्वाज अपने धन बल के दम पर इस जमीन के एक हिस्से पर जबरन कब्जा कर अवैध निर्माण करवा रहे हैं। बता दें कि शब्बीर की बेटी शहजादी को दुबई की कोर्ट ने 15 फरवरी को फांसी दी थी और उसे यूएई में 6 तारीख को दफन किया गया है। वह अभी अपनी बेटी के गम से उबर भी नहीं पाए हैं। डीएम जे. रीभा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# टांडा कैथी पीपापुल आवागमन शुरू करवाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां।** टांडा कैथी घाट गंगा नदी का पीपा पुल चालू करवाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। 13 जनवरी प्रयागराज महाकुंभ शुरू होने के पहले ही पीपा पुल की लोहे की पटेरिया उठाकर प्रयागराज भेज दी गई थी। पीपा हटा दिया गया था। एवं आवागमन बंद हो गया था लेकिन महाकुंभ खत्म होने के बाद भी लोहे का प्लेट अभी तक नहीं लाई गई जिससे पीपा पुल पर आवागमन अभी तक नहीं हुआ। जिससे लोगों को वाराणसी जौनपुर आजमगढ़ एवं श्री मार्कंडेय महादेव का दर्शन करने में परेशानियां झेलनी पड़ रही है। जिसको लेकर हिमांशु पांडेय, विनय जयसवाल, प्रियांशु निषाद, संजय जयसवाल, दिलीप निषाद आदि ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार से जल्द से जल्द पीपा पुल चालू करवाने को कहाँ।

# पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर विशेष कानून बने- दीपक सिंह

- उपजा जिलाध्यक्ष ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने तक संघर्ष का किया आह्वान
- पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने वाले दूसरे राज्यों से सीख लेंने की जरूरत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चंदौली।** समाज में व्याप्त कुरीतियों पर सीधा प्रहार करने के साथ ही गुंडो और माफियाओं के विरुद्ध प्रखर आवाज उठाने वाला पत्रकार अत्यंत ही विषम परिस्थितियों में कार्य करता है। इसलिए उसकी सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी भी सरकार को ही उठानी चाहिए। लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा को लेकर विशेष कानून बनाने की



हमारी मांग को पूर्ण करने का सही वक्त आ गया है। उक्त बातें यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने सोमवार को पत्र प्रतिनिधियों से अनौपचारिक वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून की हमारी मांग को अब सरकार तत्काल पूरा करे। पत्रकार उत्पीड़न की आये दिन हो रही घटनाओं को रोकने में केंद्र सहित राज्य सरकारें पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीतापुर जिले में एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की गोली मारकर हुई हत्या के घटना को लेकर देशभर के पत्रकारों में आक्रोश है। कहा, यूपी हो या बिहार, देश के दूसरे कई राज्यों से यहां की सरकारों को भी सीख लेने की आवश्यकता है। जिन्होंने अपने यहां पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर पत्रकारों को निडर होकर काम करने का माहौल दिया है। उपजा के बैनर तले हम सभी को आर पार का संघर्ष आरंभ करने के लिए अब समग्र प्रयास करना होगा। श्री सिंह ने सभी पत्रकारों से एकजुट होकर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। इस दौरान गौरव श्रीवास्तव, अशोक द्विवेदी, शीतला रॉय, महेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रकाश, आशीष विद्यार्थी, अरविंद पटवा, हरि ओम आनंद, आरिफ हाशमी, राकेश चंद्र यादव, राजेश कुमार जायसवाल, अजय सिंह राजपूत, न्याज अहमद खान, राहुल मिश्रा, चंद्रजीत पटेल, फरीदुद्दीन, नीरज अग्रहरि, अबुल कैश डब्बल, अखिलेश कुमार, विष्णु वर्मा, अलीम हाशमी, नवीन राय, अमित कुमार, उमेश मोदनवाल, अनिल गुप्ता, संदीप कुमार आदि अन्य पत्रकार भी उपस्थित रहे।

# सात तस्वीरों में इटावा में इंडिया की जीत का जश्न

**इटावा।** दुबई में खेले गए चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत के साथ पूरे देश में जश्न का माहौल है। इटावा में भी क्रिकेट प्रेमियों ने इस शानदार जीत पर जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। बड़ी एलईडी स्क्रीन पर मैच देख रहे दर्शक भारत की जीत के साथ ही खुशी से झूम उठे। फाइनल मुकाबले से पहले ही इटावा जिले के कई मंदिरों में क्रिकेट प्रेमियों ने भारतीय टीम की जीत के लिए विशेष पूजा-अर्चना की थी। जैसे ही भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की, वैसे ही पूरे शहर में आतिशबाजी शुरू हो गई। दुबई में खेले गए इस रोमांचक फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 49 ओवर में ही 6 विकेट खोकर 254 रन बना लिए और चौंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। जैसे ही भारतीय टीम की जीत की घोषणा हुई, इटावा के विभिन्न स्थानों पर क्रिकेट प्रेमियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। युवाओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और टीम इंडिया के समर्थन में नारे लगाए।



# वूमेन इन लीडरशिप रोल विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कानपुर।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान कानपुर चैप्टर द्वारा गुमटी प्लाजा स्थित कार्यालय में वूमेंस डे सेलिब्रेशन के उपलक्ष्य में ब्रेकिंग बैरियर्स- वूमेन इन लीडरशिप रोल विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता सीएस श्रुति श्रीवास्तव थी।

सीएस ईशा कपूर,सेक्रेटरी भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, कानपुर चैप्टर ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और बताया की महिला दिवस के दिन का मकसद महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी है ताकि उन्हें उनका हक मिल सके और वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। राजनीति हो, विज्ञान हो, खेल हो या फिर कला और व्यापार हर जगह महिलाएं कमाल कर रही हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी महिलाएं जबरदस्त उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं तक में लड़कियां जमकर टॉप कर रही हैं।महिलाओं में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का जुनून बढ़ा है।

वही सी एस रीना जकोडिया, कार्यकारिणी सदस्य ने बताया की अभी भी महिलाओं को समान अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह बात सही है कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज भी कई जगहों पर उन्हें लैंगिक असमानता, भेदभाव झेलना पड़ता है। शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर रोजगार तक पुरुषों और महिलाओं के बीच एक गहरी खाई नजर आती है।

सी एस जागृति मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य ने उन्होंने बताया कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं का सम्मान करेंगे, उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। एक सशक्त नारी, एक सशक्त समाज की पहचान है

मुख्य वक्ता सीएस श्रुति श्रीवास्तव जी ने विस्तार से जब हम कार्यस्थल में विविधता के बारे में बात करते हैं, तो सबसे पहले हमारे दिमाग में महिला कार्यबल को शामिल करने के बारे में विचार आता है। कार्य परिदृश्य हर दिन बदल रहा है, और नेतृत्व की मेज अब पुरुषों का क्षेत्र नहीं रह गई है। वरिष्ठ नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाएँ अपने कार्यबल को सशक्त बना रही हैं और इससे सभी को लाभ हो रहा है। अध्ययनों से पता चलता है कि महिला नेता कार्यस्थल पर उत्पादकता बढ़ा सकती हैं, और अद्वितीय दृष्टिकोण, अनुभव अनुभव और अंतर्दृष्टि ला सकती हैं।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के वाइस चेयरमैन, सी एस आशीष बंसल, सी एस वैभव अग्निहोत्री, सी एस जागृति मिश्रा, सी एस ईशा तनेजा, सी एस आरती, सी एस सकेत शर्मा , सी एस राहुल मिश्रा, सी एस मनोज यादव सीएस नीतू शुक्ला, सी एस निधि आदि मौजूद रहे। प्रोग्राम का संचालन सी एस हरप्रीत कौर ने सुचारू रूप से किया।

# लखनऊ में अंसल के खिलाफ तीन दिन में 18 मुकदमे

## यूपी समेत 5 राज्यों में खंगाली जा रही क्राइम हिस्ट्री

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में रियल एस्टेट सेक्टर के दिग्गज अंसल ग्रुप पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। तीन दिनों में लखनऊ के हजरतगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अंसल ग्रुप के खिलाफ 18 नए मुकदमे दर्ज हुए हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लगातार असल के निवेशक लखनऊ समेत विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज कर रहे हैं। इन मुकदमों में अंसल ग्रुप के मालिक सुशील अंसल, प्रणव अंसल समेत कंपनी के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है।ज्यादातर मामलों में पैसा लेकर भी प्लॉट न देने के आरोप लगे हैं। तीन साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंसल ग्रुप के खिलाफ जांच शुरू की थी, लेकिन अचानक जांच ठप हो गई थी। अब नए मुकदमों के बाद ईडी ने दोबारा फाइलें खोलनी शुरू कर दी है। यूपी समेत 5 राज्यों में अंसल ग्रुप के खिलाफ दर्ज केसों की जानकारी जुटाई जा रही है। 2019 में ईडी को पता चला था कि अंसल ग्रुप पर यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कुल 59 मुकदमे दर्ज थे। लखनऊ में ही 27 केस थे, जबकि आगरा-मेरठ में 6-6, गाजियाबाद में 2 और कानपुर-जौनपुर में 1-1 मामला दर्ज था। लखनऊ पुलिस ने सितंबर 2019 में प्रणव अंसल को नई दिल्ली एयरपोर्ट के बाहर से गिरफ्तार किया था। उस वक्त ईडी की रडार पर एक पूर्व आईएएस अफसर और अंसल ग्रुप के तत्कालीन एमडी भी थे। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था। साथ ही 150 करोड़ रुपए निवेश करने वाले एक एनआरआई पर भी एजेंसी की नजर थी।

# संक्षिप्त सामाचार

## रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत तेज रफ्तार दो पहिया से हुई भिड़ंत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के वजीरगंज इलाके में दो बाइकों भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ सुशांत गोल्फसिटी इलाके से बाइक से लौट रहा था। तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ठाकुर गंज थाना क्षेत्र के शीश महल का रहने वाले सैफअब्बास (23) पुत्र मोहम्मद अली समीर प्राइवेट जॉब करता था। भाई शानू ने बताया कि रविवार को अपने दोस्त जामिन के साथ बाइक से किसी काम से सुशांत गोल्फ सिटी गए थे। जहाँ से वापस लौटते समय रकाब गंज चौराहे के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार दो पहिया गाड़ी से टकरा गई। जिसमें दोनों गंम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके से पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। परिजनों को पहुंचने से पहले इलाज के दौरान सैफ की मौत हो गई। वहीं जामिन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस को अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। मृतक के परिवार में पिता मोहम्मद अली समीर, माँ नसरीन, बहन खुशनुमा, भाई शानू और असद हैं।

## डीएफओ को बाघ के दहशत का अंत करने पर संगठन द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर किया गया अभिनन्दन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल आज डीएफ्ओ लखनऊ सीतांशु पांडेय से मिला व 90 दिनों तक मलिहाबाद क्षेत्र में दहशत फैलाए रखने वाले बाघ के आतंक का अंत करने पर उनको स्मृति चिन्ह दे कर अभिनंदन किया गया। श्री त्रिवेदी ने बताया कि उक्त मुलाकात के दौरान डीएफ्ओ लखनऊ द्वारा उनके व उनकी टीम के अनुभव को साझा किया गया उन्होंने बताया कि कैसे 90 दिनों में कई बार टीम के सदस्यों का बाघ से सामना हुआ और उसके हमले में कर्मचारी बाल बाल बचे साथ ही वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी जान को जोखिम में डाल कर कैसे मलिहाबाद क्षेत्र की जनता को बाघ के दहशत से मुक्ति दिलाने का ये कभी न भूल पाने वाला अभियान सफ्लतापूर्वक पूर्ण किया गया। श्री त्रिवेदी ने बताया कि मुलाकात के दौरान टिंबर व्यापारियों की तमाम समस्याओं पर भी चर्चा हुई व श्री सीतांशु पांडेय जी ने हर प्रकार की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। डीएफ्ओ लखनऊ को स्मृति चिन्ह दे कर उनका अभिनंदन करने वाले व होली की अग्रिम शुभकामनाएं देने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महासचिव अख्तर खान, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, एजाज खान, अवधेश शुक्ल व अमरोहा के साथी शरिक मौजूद रहे।

## मेडिकल की पढ़ाई अमीरों तक सीमित की जा रही है: संविधान संरक्षण मंच

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में संविधान संरक्षण मंच ने सरकार पर आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेजों में फीस एक समान नहीं है। मेडिकल की पढ़ाई को केवल अमीरों तक सीमित किया जा रहा है। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण विभाग ने अनियमित शुल्क निर्धारण किया।

# शालोम ट्रस्ट ने चलाया अपना



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** शालोम चेरोटेबल ट्रस्ट ने हापुड़ के गांव लोधीपुर में पहुंच कर टीबी मुक्त भारत अभियान के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी , जहां पर ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान लगातार हमारा जारी है तथा ट्रस्ट के सभी सदस्य टीबी मुक्त भारत अभियान के विषय में सभी को जानकारी दे रहे हैं तथा टीबी के लक्षणों तथा उसके इलाज के बारे में आमजन मानस को बताया जा रहा है लगातार आमजन मानस को ट्रस्ट जागरुक कर रही है, हमारे ट्रस्ट का सपना है कि हापुड़ सहित हमारा देश बहुत जल्द टीबी मुक्त हो तथा हम सरकार तथा हापुड़ के समस्त अधिकारियों के सपने को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे और आगे भी हमारा प्रयास लगातार जारी रहेगा, तो वही कार्यक्रम में मौजूद रहे कपिल कुमार, संजय कुमार, क्षमा सिंह, भारती सिंह, बिंदु, अंशिका, स्तुति सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# बर्थडे पार्टी में जमकर पथराव और चाकूबाजी, छत से बरसाई ईट

**लखनऊ।** लखनऊ के महानगर इलाके में रविवार देर रात बर्थ-डे पार्टी में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। कुछ लोग छत से ईट फेंकने लगे। नीचे उतरकर आए लोगों को खदेड़-खदेड़कर चाकू मारना शुरू कर दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावर पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की भी कोशिश की गई। हमले में महिलाओं और बच्चों ने टेबल के नीचे छिपकर जान बचाई। महानगर स्थित बीरबल साहनी मार्ग शिवधाम बस्ती के सोनू रावत हैदराबाद में नौकरी करते हैं। रविवार को उन्होंने घर में बेटे के जन्मदिन की पार्टी रखी थी। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पार्टी में मोहल्ले के कई लोगों सहित रिश्तेदार आए थे।

# मासिक पंचायत के दौरान कई तरह के मुद्दे उठाए गए

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की कैंप कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर पर सोमवार को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया।मासिक पंचायत की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद और मेरठ मण्डल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल ने किया।मासिक पंचायत के दौरान किसान एवं मजदूरों के मुद्दे उठाए गए इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि सिंभावली, बृजनाथपुर गन्ना मिलों पर कोर्ट द्वारा आरपीआई नियुक्त किए जाने के बाद भी किसानों का गन्ना भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसको जल्द से जल्द ब्याज सहित किसानों का गन्ना भुगतान कराया जाए तहसील स्तर पर घरोनी, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र अन्य प्रमाण पत्र बनवाने क्र दौरान काफी चक्कर काटने पड़ रहे है जिसकी कार्यशैली में सुधार कराया जाए वहीं भाकियू ने बिजली दफ्तर का घेराव कर धरने पर बैठ गए और ऊर्जा निगम के अफसरों से जमकर नोक झोंक के चलते एक्सईएन के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया। इस दौरान बताया है कि एएल फीडर की गड़बड़ चल रही है जिसके कारण उपभोक्ताओं का बिल अधिक आ रहा है, और ग्रामीण अंचल में स्मार्ट मीटर नहीं लगे दिए जाएंगे अगर कोई कर्मचारी जबरदस्ती लगाता है तो उसके खिलाफ किसान यूनियन जमकर विरोध कर मारपीट करेंगी और इसके साथ ही स्कूलों की किताब व कॉपियां और दावाई समेत पर प्रिंट रेट में छूट की जाना अतिआवश्यक है। वहीं जिला अध्यक्ष का यह भी कहना है कि जनपद में भ्रष्टाचार बड़े स्तर पर चल रहा है जिसके लिए बड़े आंदोलन की जरूरत है और बड़े आंदोलन के लिए रणनीति बनाई जाएगी।मासिक पंचायत में मौजूद ममता शर्मा, महिला विंग की जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, रमा शर्मा, सरिता देवी, पूनम शर्मा, जिला संरक्षक पी के वर्मा, तहसील अध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर श्याम सुंदर त्यागी, हापुड़ तहसील अध्यक्ष चौधरी ओमवीर सिंह, प्रदीप चौधरी, ,गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी,सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष पंडित विनोद शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य फैजान,नोशाद अली गुलजार अली,गढ़ नगर अध्यक्ष जगबीर सिंह चौहान,ललित तोमर, यामीन खां समेत मौजूद रहे।

# होली एवं ईद के पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक संपन्न

## होली पर्व व जुम्मे की नमाज को भाईचारा की भावना रखते हुए मनाए: डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** सोमवार को डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 13 तथा 14 मार्च 2025 को होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने होली व ईद के अवसर पर साफ-सफाई रखने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से हर स्थान पर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई करने के लिए संबंधित सफाई कर्मी की ड्यूटी रोस्टर बना करके हर हालत में लगा दी जाए जिससे किसी भी प्रकार की सफाई संबंधी समस्या ना उत्पन्न होने पाए। इसके अलावा सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारी तथा पुलिस उप अधीक्षक अपने-अपने स्तर पर पीस कमेटी की बैठक करके तहसीलों में शांति का माहौल का तैयार करें। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि होलिका दहन के स्थल पर तार उचित दूरि पर हो। ऐसा ना हो की होलिका दहन से किसी स्थान पर तारों के कारण किसी प्रकार की अनहोनी की घटना होने पाये। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी के लापरवाही से कोई घटना होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एंबुलेंस को तैयार रखा जाए तथा रोस्टर बनाकर के डॉक्टरों की ड्यूटी लगा दी जाए। उन्होंने कहा कि इस बार होली व जुम्मे की नमाज एक ही दिन पर पढ़ रही है इसलिए सभी लोग आपस में भाईचारे की भावना रखते हुए दोनों पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से बनाएं,बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नकली शराब बेचने वाला गिरफ्तार

## ब्रांड के फर्जी होलमार्क-स्टीकर लगाकर बेचता था

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में नकली शराब बेचने वाला गिरफ्तार हुआ है। खाली बोतलों पर ब्रांडों के फर्जी होलमार्क और स्टीकर लगाकर खुद की बनाई शराब बेचता था। होली पर करीब 2.5 लाख रुपए की शराब बेचने की तैयारी थी। उसे सोमवार को चेकिंग के दौरान ठाकुरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ने बताया कि पुलिस टीम होली के त्योहार को देखते हुए चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मरीमाता मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने घर में अन्य प्रदेशों की अवैध शराब खाली बोतलों में अलग-अलग कंपनी के स्टीकर और फर्जी होलमार्क लगाकर बेच रहा है। ढक्कन पर क्यूआर कोड लगाकर असली शराब के तौर पर हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर 22 पेटी अवैध व मिलावटी शराब बरामद की। मौके से 4 बोरी अलग-अलग ब्रांडों की शराब की खाली बोतल और ढक्कन बरामद किए। इसके बाद ही फर्जी होलमार्क व क्यूआर कोड भी मिले। पूछताछ में आरोपी की पहचान एकता नगर बरौरा हुसैनबाड़ी ठाकुरगंज निवासी अनिल सिंह (35) पुत्र चेतराम के रुप में हुई। आरोपी अनिल ने बताया कि गैर प्रदेशों से शराब की तस्करी करके लखनऊ लाता। यहां पर अलग-अलग ब्रांडों की खाली बोतलों में मिलावटी शराब भरकर नकली होलमार्क स्टीकर और ढक्कन पर क्यूआर कोड लगाता। इसके बाद बिना लाइसेंस के बाजार से थोड़ा कम रेट में बेच देता। आरोपी इसके पहले भी जुआं अधिनियम व अन्य मामलों में जेल जा चुका है।

## 10 से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टांप पेपर चलन से होंगे बाहर

**लखनऊ।** राज्य सरकार धोखाधड़ी को रोकने के लिए 10 हजार से 25 हजार मूल्य के भौतिक स्टांप पेपर को चलन से बाहर करने जा रही है। इनका उपयोग 31 मार्च 2025 तक ही किया जा सकेगा। इसके बाद ऐसे भौतिक स्टांप पेपरों का वजूद खत्म हो जाएगा और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोषागारों में ऐसे करीब 5630.87 करोड़ रुपये के स्टांप पेपर हैं।

छोटे स्टांप यानी 5000 मूल्य के भौतिक स्टांप वजूद में रहेंगे और चलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ। स्टांप तथा न्यायालय शुल्क पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने बताया कि स्टांप प्रणाली में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए ई-स्टांप को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में भौतिक रूप से मौजूदा समय 10 हजार से लेकर 25000 मूल्य के स्टांप कोषागारों में रखे हैं।

## हिंदू युवक ने मुस्लिम बनकर रचाई शादी, अब युवती को दहेज के लिए कर रहा प्रताड़ित

**लखनऊ।** मुस्लिम नाम से फर्जी आधार बनाकर युवक ने महिला को प्रेम जाल में फंसाया। तलाक कराकर निकाह किया। फिर दहेज में कार और अन्य सामान की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। मौका देख सारी फोटो, वीडियो डिलीट कर जेवर और नगदी लेकर पत्नी को अकेला छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने आरोपी और उसके घरवालों के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कैसरबाग निवासी पीड़िता निजी अस्पताल में नौकरी करती है। वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात अस्पताल में सीतापुर निवासी मोहित से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां हो गई। मोहित ने शादी का प्रस्ताव रखा। पीड़िता ने पूर्व में विवाहित होने और दूसरे धर्म में शादी करने से इनकार कर दिया। कुछ दिन बाद आरोपी ने कॉल की और बताया कि धर्म परिवर्तन कर वह समीर रजा बन गया है।

# आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए जमीन हस्तांतरण पर यूपी मंत्रिमण्डल की लगी मुहर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल ने सोमवार को आगरा में मेट्रो रेल के पहले और दूसरे चरण के लिये भूमि के हस्तांतरण सम्बन्धी प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने ये जानकारी दी।

बता दें कि यूपी कैबिनेट में 19 प्रस्तावों पर सरकार की मुहर लगी है। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 'उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम चरण में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की भूमि को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि यह 8684.68 वर्ग मीटर भूमि अभी तक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की थी, उसे 90 वर्ष के पट्टे पर 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के प्रावधान के साथ एक रुपये सांकेतिक मूल्य पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को दिया जाएगा। सुरेश खन्ना ने यह भी बताया कि आगरा में मेट्रो रेल परियोजना के द्वितीय कॉरिडोर के लिये गृह विभाग की 20 हजार 753 वर्ग मीटर जमीन को भी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पक्ष में निशुल्क हस्तांतरण किये जाने को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। यह जमीन भी 90 वर्ष के पट्टे पर 30-30 वर्ष के नवीनीकरण के प्रावधान के साथ एक रुपये सांकेतिक मूल्य पर हस्तांतरित की जानी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई। मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आगरा मेट्रो सेवा समेत कई 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को कुछ जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

# नहीं है महिलाएं पुरुषों से कहीं भी पीछे, सौभाग्य है हमारा हम सब हैं भारत की बेटी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ नारी शक्ति फाउंडेशन का आगाज

शकुन टाइम्स संवाददाता




**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत लगने वाले विनायक रेस्टोरेंट में की गई अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर नारी शक्ति फाउंडेशन की स्थापना, जहां पर नारी शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति प्रधान ने बताया कि मुझे आज अपने ऊपर बड़ा ही गर्व हो रहा है कि नारी शक्ति फाउंडेशन की आज स्थापना की जा रही है जहां पर कार्यक्रम मैं आई बहार से महिलाओं का नारी शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति प्रधान ने नारी शक्ति फाउंडेशन का अवार्ड एवं गले में फूलों की माला डालकर उनका जोरदार स्वागत किया तथा पुष्प वर्षा की गई , तो वही नारी शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति प्रधान ने बताया कि जो एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता हैं नारी शक्ति फाउंडेशन का उपदेश है कि महिलाओं को सशक्त बनाना और उनकी जरूरत को पूरा करना है।

ये फाउंडेशन महिलाओं के सामाजिक आर्थिक और से शैक्षिक विकास के लिए काम करेगा और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करेगा, उन्होंने कहा कि नारी शक्ति फाउंडेशन की स्थापना का उद्देश्य महिलाओं को एक मजबूत और सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वह अपनी जरूरत और समस्याओं के बारे में बात कर सकें और समाधान पा सकें अपनी आवाज उठा सकें, नारी शक्ति फाउंडेशन उनके साथ से साथ है, नारी शक्ति फाउंडेशन की गतिविधियों में महिलाओं के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य और स्वच्छता कार्यक्रम तथा महिलाओं के अधिकारों के लिए जागरूकता अभियान आगे भी इसी तरह कराए जाएंगे,तो वही कार्यक्रम के दौरान श्रीमती स्वाति प्रधान ने मंच से कई ऐसी बातें कहीं जिन्हें सुनकर सभी महिलाएं भावुक हो गई, उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए जागरूकता अभियान भी कराए जाएंगे तथा हमने अपने क्षेत्र की नारियों का सम्मान किया है और हम सभी से कहना चाहेंगे कि महिला अपनी शक्ति को पहचाने तो क्या कुछ नहीं कर सकती, तो वही मंच से कई बार हुई अपने माता-पिता की बातों को लेकर श्रीमती स्वाति प्रधान भावुक, कार्यक्रम में आई महिलाओं ने तालियां बजाकर कि उनकी हौसला अफजाई,एक नारी से अनेक रिश्तो से पहचानी जाती है, तो वहीं कार्यक्रम में प्रधान श्रीमती कल्पना गोयल भी उपस्थित रही उन्होंने भी मंच से नारी शक्ति फाउंडेशन स्थापना पर कहा कि हम सभी को महिलाओं की आवाज उठानी चाहिए उन्हें सपोर्ट करना चाहिए उनका सहयोग करना चाहिए ताकि कोई भी महिला अपने आप को अकेली ने समझे, हम उनकी प्रेरणा और समर्थन के लिए आभारी हैं, हमें उम्मीद है कि नारी शक्ति फाउंडेशन महिलाओं के जीवन में एक नया सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफल होगा और उन्हें एक सशक्त तथा आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाएगा, तो वहीं कार्यक्रम में मौजूद रही श्रीमती कल्पना गोयल प्रधान भोवापुर मस्तानगर सिंभावली प्राची त्यागी संस्थापक सत्विक ऑर्गोनिक फूड प्रोडक्ट मीता शर्मा शिक्षिका सोनी यादव हेड कांस्टेबल रूबी चौधरी अधिवक्ता सोनिया कसाना इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस डां रानी वर्मा बीडीएस एमडीएस डॉक्टर निशा दंत सर्जन, इन सभी महिलाओं को उनकी प्रेरणा और समर्थन के लिए सम्मान किया गया तथा हमें उम्मीद है कि नारी शक्ति फाउंडेशन महिलाओं के जीवन में एक नया सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफल होगा और उन्हें एक सशक्त तथा आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में आगे लेकर जाएगा।

# हिंदू त्यौहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति

## सम्पादकीय

### पुरानी टीम में आधे भाजपा के रू क्या इन्हीं के साथ अहमदाबाद अधिवेशन होगा

क्या कांग्रेस ऐसे ही आधे संघियों को लेकर अहमदाबाद अपने पूर्ण अधिवेशन (प्लेनरी) में पहुंच जाएगी? अगले माह अप्रैल में होना है। 8 और 9 तारीख को उसी अहमदाबाद में जहां राहुल ने कहा कि पार्टी में पचास प्रतिशत लोग भाजपा के भरे पड़े हैं। इनके दिल में और खून में कांग्रेस नहीं है। ये कांग्रेस में रहकर भाजपा का काम कर रहे हैं। बहुत स्पष्ट भाषण था राहुल का। शनिवार 8 मार्च को अहमदाबाद में। कार्यकर्तओं से बात करते हुए। कार्यकर्ता बहुत खुश हुए। दिल से तालियां पीटीं। जो बात वे हमेशा से कह रहे थे वह राहुल ने कह दी। एकदम साफ शब्दों में। कोई इसे हल्का नहीं कर सकता। दूसरा अर्थ नहीं निकाल सकता। गुजरात के बाहर के कांग्रेसी नेता चिंतित नहीं हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने यह केवल गुजरात के लिए कहा है। हरियाणा के लिए नहीं, राजस्थान के लिए नहीं। जहां के कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा से मिलकर जीते हुए विधानसभा चुनाव हरवा दिए। कांग्रेस मुख्यालय में दूसरे लोगों के लिए नहीं जो कांग्रेस में बैठकर राहुल को गालियां देते हैं और मोदी की तारीफकरते हैं। गुजरात के बाहर के लोगों की बात सुनकर ऐसा लगता है कि उन्हें भाजपा के साथ मिले रहने की छूट है। राहुल एक काम करें कि कांग्रेस मुख्यालय में एक पोलिंग बूथ बनवा लें। तो उन्हें मालूम पड़ जाएगा कि जो आधे बीजेपी वाले कह रहे थे उससे बहुत ज्यादा हैं। कांग्रेस में संघ की यह घुसपैठ आज की नहीं है बहुत पहले से है। और उस समय स्वाभाविक थी। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पार्टी थी। सब विचारों के लोग आते थे। ज्यादातर अंग्रेजों से लड़ने के लिए मगर कई कांग्रेस में घुसकर नेहरू-गांधी को कमजोर करने के लिए। अंग्रेजों को फायदा पहुंचाने के लिए। मगर नेहरू नियंत्रण रखते थे। सरदार पटेल ने आरएसएस पर पाबंदी लगाई। और कहा कि अगर आपके अंदर राष्ट्रप्रेम है तो कांग्रेस के साथ मिलकर काम कीजिए। बाद में इन्दिरा गांधी ने भी पहचाना और इन्हें अलग थलग करने के लिए अलग कांग्रेस ही बना दी। मगर उनके बाद पार्टी में विचार पूरी तरह खत्म हो गए। और दक्षिणपंथी, साम्प्रादायिक, दलित, पिछड़ा विरोधी लोग छा गए। अब राहुल ने पहली बार इतने साफशब्दों में पार्टी की असली सूरत सबके सामने रख दी। और अब अगर खुद राहुल भी यह कहें कि उन्होंने सिर्फगुजरात के नेताओं के लिए कहा था तो कोई यकीन नहीं करेगा। पार्टी और कमजोर हो जाएगी। राहुल भी डर से अपनी बात से पलट रहे हैं यह खराब मैसेज पार्टी कार्यकर्ताओं तक चला जाएगा। इसलिए अब राहुल के पास कोई रास्ता नहीं है। उन्हें पार्टी का पुनर्निर्माण करना ही होगा।

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यह बात पहले ही कह चुके हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कब? खरगे को अध्यक्ष बने ढाई साल हो गए। मतलब नए नियमों के मुताबिक आधा कार्यकाल। अगर संशोधन नहीं होता पुरानी समयावधि रहती तो बिना संगठन में कुछ किए उनका कार्यकाल खत्म होने वाला होता। 2010 के संविधान संशोधन से पहले अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का ही होता था तो खरगे के लिए कुछ करना बहुत जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके साथ हैं। फिर देर क्यों? यही एक सवाल है जिसका जवाब किसी के पास नहीं है। प्रियंका गांधी लंबे समय से बिना किसी जिम्मेदारी के महासचिव हैं। अगर कांग्रेस प्रियंका को करिश्माई नेता मानती है तो उन्हें कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने में देर क्यों कर रही है? कोई जवाब नहीं! अब सबसे बड़ा सवाल। क्या पार्टी के पूर्ण अधिवेशन ( प्लेनरी) से बड़ा कोई जलसा होता है? हर तीन साल में यह होता है। एआईसीसी के सदस्य इसमें भाग लेते हैं। जिनकी संख्या अब तो हजारों में हो गई मगर कभी चार सौ-पांच सौ के आसपास होती थी। बड़ी सम्मानजनक चीज मानी जाती थी। लोग अपने नाम के साथ लगाते थे- एआईसीसी मेंबर। तो इस पूर्ण अधिवेशन की तैयारियां बहुत पहले से शुरू हो जाती हैं। अब तो कांग्रेस के मुख्यालय में लायब्रेरी खतम हो गई। पहले हर पूर्ण अधिवेशन की कार्रवाई का रिकार्ड छपा हुआ वहीं होता था। कौन-कौन से प्रस्ताव पास किए गए। पार्टी के आगे के दिशा क्या है? कौन-कौन शामिल हुए? विदेशी प्रतिनिधि भी आते थे। कांग्रेस अध्यक्ष का भाषण। जिस पर अन्तरराष्ट्रीय निगाहें भी होती थीं। विदेश नीति पर प्रस्ताव पारित होता था। आर्थिक राजनीतिक प्रस्ताव। और हर अधिवेशन की 150-200 पेज की पूर्ण कार्रवाई प्रकाशित होती थी। यह 86वां अधिवेशन है। अगर अब पत्रकार शोध छात्र राजनीतिक लेखक पुराने अधिवेशनों के बारे में पढ़ना चाहें तो मुश्किल हो जाएगा। अकबर रोड स्थित मुख्यालय में लायब्रेरी खतम कर दी। बहुत साल पहले ही। 15 साल हो गए होंगे। बहुत किताबें रिफरेन्स के लिए थीं। लोग दूर-दूर से नोट्स लेने पढ़ने जानने आते थे। अब कहते हैं कि कोटला रोड पर बनाए नए आफिस में लायब्रेरी बनाएंगे। एक, कि लायब्रेरी एक दिन में नहीं बनती है। किसी भी संस्थान की प्रतिष्ठा इससे मालूम पड़ती है कि उसकी लायब्रेरी कितनी पुरानी है। वह अद्यतन अपडेट होती रहती है। दूसरी बात, वहां पत्रकार और दूसरे विजिटर्स की वैसी पहुंच नहीं है। जैसी अकबर रोड के मुख्यालय में है। तो लायब्रेरी वहां कितनी उपयोगी होगी कहना मुश्किल है। खैर तो तैयारियों के सिलसिले की बात हो रही थी। तो सवाल यह है कि कर कौन रहा है? वही पुराने पदाधिकारी! तो अगर उनको इतने महत्वपूर्ण काम में लगा रखा है तो फिर वहीं रहेंगे। अगर ऐसा है तो फिर अनाउंस कर देना चाहिए। और अगर नए लगाना है तो फौरन लिस्ट निकालना चाहिए। अब बचा तो एक महीने से कम है। मगर फिर भी तैयारी में शामिल हो सकते हैं।

---

राम पुनियानी

> राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे।इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गय। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था।

संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं. वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया। इस बार के कुभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है. लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया।

राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे।इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गय। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था। इतिहासकार हेरम्भ चतुर्वेदी के अनुसार अकबर ने कुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया था। पूरे मेला क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग बड़ी संख्या में लगे हुए थे. काफी बड़ा इलाका मेले में आने वाले वीआईपी व्यक्तियों के लिए आरक्षित था, जिसकी वजह से कई बार भगदड़ के हालात बने जिनमें बहुत से लोग मारे गए. परिवहन व्यवस्था अच्छी और पर्याप्त नहीं थी। नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर मची भगदड़, जिसमें कई लोग मारे गए, से यह साफहै। अभी-अभी मशहूर हुए एक बाबा धीरेन्द्र शास्त्री, जिन्हें नरेन्द्र मोदी अपना छोटा भाई कहते हैं, ने प्रसन्न भाव से कहा कि जो लोग भगदड़ में मारे गए उन्हें मोक्ष मिलेगा। गंगा के पानी की गुणवत्ता बहुत ही नीचे स्तर तक गिर गई। नदी में ई-कोलाई और मल-मूत्र घुला हुआ था। पानी की गुणवत्ता और मौतों



को लेकर की गई आलोचना का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुअरों को गंदगी नजर आ रही है और गिद्ध लाशें गिन रहे हैं! विश्व हिंदू परिषद ने इस स्वर्णिम अवसर का उपयोग मार्गदर्शक मंडल की बैठकों के आयोजन लिए किया। इसमें दिए गए भाषणों में मुसलमानों के खिलाफ जमकर जहर उगला गया। मुस्लिम विरोधी प्रोपेगेंडा, जो आम तौर पर उनकी जनसंख्या में तेज वृद्धि, बांग्लादेश से घुसपैठ, गौरक्षा आदि से संबंधित रहता है, उसे इन बैठकों में बार-बार दुहराया गया। नफरत फैलाने में एक्सपर्ट वक्ताओं जैसे साध्वी ऋतंभरा, प्रवीण तोगडिया और यति नरसिंहानंद सरस्वती ने मौके का पूरा-पूरा फायदा उठाया। उन्हें बड़ी संख्या में लोगों ने सुना। भाजपा ने अपने राजनैतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए साधुओं का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया और सरकारी खर्च पर प्रचार हासिल किया। ऐसे ही एक भगवाधारी ने काशी और मथुरा की मंदिर संबंधी मांगों को दुहराते हुए दावा किया कि ऐसे 1,860 मंदिरों की पहचान की गई है जिन्हें वापिस लिया जाना है। मदरसों को बंद करने और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को गुरूकुल में बदलने की मांग भी उठाई गई ताकि भारत को हिन्दूमय बनाया जा सके। सन् 2004 में प्रकाशित एक पुस्तक, जिसके लेखक इरफान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े हैं, में यह बताया गया है कि कैसे धार्मिक आयोजनों का इस्तेमाल हिंसा भड़काने के लिए किया जाता है। हमारे उत्सव, धर्मों की सीमाओं के परे सामाजिक अवसर होते हैं। हालिया प्रवृत्ति यह हो गई है कि हिंदुओं के पर्वों पर जुलूस निकाले जाते हैं, जो मुस्लिम इलाकों से गुजरते हैं और इस दौरान मस्जिदों पर लहरा रहे हरे झंडों को हटाकर भगवा झंडे लगा दिए जाते हैं और नंगी तलवारें हाथ में लेकर नृत्य किया जाता है। इसके साथ ही मुसलमानों के प्रति नफरती नारे लगाए जाते हैं। इस पुस्तक में दोनों लेखकों ने बताया है कि 2022-2023 में रामनवमी के त्यौहार के दौरान यह खासतौर से किया गया। इस पुस्तक में हावड़ा, हुगली, संभाजी नगर, वडोदरा, बिहारशरीफऔर सासाराम में सन् 2023 में और हिम्मत नगर, खंभात और लौहारदग्गा में 2022 में हुई हिंसा का विवरण दिया गया है। निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए इंजीनियर लिखते हैं, शिंदू राष्ट्रवादियों का एक छोटा सा समूह भी धार्मिक जुलूस होने का दावा करते हुए अल्पसंख्यकों की बस्तियों से जाने की जिद कर सकता है। राजनैतिक और गाली-गलौज भरे नारे लगाकर और हिंसक गाने और संगीत बजाकर वह कोशिश करता है कि वहां के निवासी युवक भड़क जाएं और उन पर एकाध पत्थर फेकें। इसके आगे का काम सरकार करती है- बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को गिरफ्तार करना और उनके मकानों और संपत्तियों को कुछ ही दिनों में, बिना किसी न्यायिक प्रक्रिया के, ढहा देना। एक अन्य स्तर पर इस दक्षिणपंथी राजनीति ने आदिवासी इलाकों में देवी शबरी और भगवान हनुमान को स्थापित एवं प्रचारित-प्रसारित किया है। पिछले तीन दशकों में इन इलाकों में जैसे-जैसे ईसाई-विरोधी हिंसा बढ़ी, यहां आरएसएस से संबद्ध वनवासी कल्याण आश्रम और विश्व हिन्दू परिषद ने शबरी से जुड़ी सघन गतिविधियां शुरू कर दीं।

---

# बच्चों में बहरापन

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव



बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है।दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल-लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

---

# कांग्रेसः देर आयद दुरुस्त आयद

> विधानसभा 2027 और लोकसभा 2029 में। गुजरात में राहुल का दो दिन बिताना कई संकेत दे रहा है। पहला तो यह है कि अब कांग्रेस आखिरी लम्हों में काम शुरू करने की बजाय काफी पहले से काम शुरू करने की आदत डाल रही है जो सम्भवतरू अपनी पिछली गलतियों से मिली सीख है। गुजरात में शुक्रवार को उन्होंने नेताओं और पार्टी सदस्यों से मैराथन मुलाकातें कीं। फिर दूसरे दिन (शनिवार) कार्यकर्ताओं को जो सम्बोधन किया, वह बेहद महत्वपूर्ण है और उसका ताल्लुक केवल गुजरात तक सीमित नहीं है। राहुल ने भीतरघात करने वाले कांग्रेसियों को साफकर दिया कि श्वे भाजपा की बी-टीम बनकर काम करने की बजाय बाहर चले जायें।श् राहुल या कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सामान्यतरू जो नहीं कहता था या अब तक नहीं कहा था वह पहली बार उन्होंने साफ-साफकह दिया।

अपने दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर राहुल गांधी ने जो कहा वह उन्हें काफी पहले कहना चाहिये था और अब वे जो करने का कह रहे हैं उन्हें बिना विलम्ब किये कर देना चाहिये। लोकसभा के भीतर राहुल ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी है कि कांग्रेस गुजरात में भाजपा को सत्ता से हटायेगी। लोकसभा चुनाव के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस को वैसी सफलता नहीं मिली जो राहुल के दावे के आसपास भी कहीं हों। हालांकि राहुल ने जब भाजपा को हराने की बात कही थी तब उनका आशय विधानसभा चुनावों से था जो पहले ही हो चुके थे और अगला चुनाव होने में अभी काफी वक्त है। वह 2027 में होगा।

विधानसभा 2027 और लोकसभा 2029 में। गुजरात में राहुल का दो दिन बिताना कई संकेत दे रहा है। पहला तो यह है कि अब कांग्रेस आखिरी लम्हों में काम शुरू करने की बजाय काफी पहले से काम शुरू करने की आदत डाल रही है जो सम्भवतरू अपनी पिछली गलतियों से मिली सीख है। गुजरात में शुक्रवार को उन्होंने नेताओं और पार्टी सदस्यों से मैराथन मुलाकातें कीं। फिर दूसरे दिन (शनिवार) कार्यकर्ताओं को जो सम्बोधन किया, वह बेहद महत्वपूर्ण है और उसका ताल्लुक केवल गुजरात तक सीमित नहीं है। राहुल ने भीतरघात करने वाले कांग्रेसियों को साफ कर दिया कि श्वे भाजपा की बी-टीम बनकर काम करने की बजाय बाहर चले जायें।श् राहुल या कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सामान्यतरू जो नहीं कहता था या अब तक नहीं कहा था वह पहली बार उन्होंने साफ-साफकह दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी हितों के खिलाफकाम करने वाले 10-20



ही नहीं 40 लोगों को भी निकालना पड़े तो उसके लिये संगठन तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि श्कांग्रेस के कार्यकर्ता बब्बर शेर हैं पर उन्हें बांधकर रखा गया है।श् उनका इशारा उन पदाधिकारियों और नेताओं की ओर था जो या तो निष्क्रिय हैं अथवा अपनी बातों या कामों से प्रत्यक्ष-परोक्ष व सायास-अनायास भाजपा की मदद करते हैं। सच यही है कि कांग्रेस अपनी अंदरूनी बीमारी से लम्बे समय से जूझ रही है जिसने उसे बाहरी आक्रमणों की बजाय कहीं अधिक नुकसान पहुंचाया है। ऐसे लोगों की लम्बी फेहरिस्त है जिनके कारण पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचा है। राजीव गांधी की मृत्यु के बाद से ही कांग्रेस की यह दिक्कत शुरू हो गयी थी। ऐसे वक्त में जब पूरी पार्टी को एकजुट होकर खड़े होना था, सोनिया गांधी के विदेशी मूल को लेकर पार्टी के तीन बड़े नेताओं- शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बना ली जो एक व्यर्थ की कवायद साबित हुई क्योंकि बाद में डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व की दोनों यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस सरकारों में एनसीपी शामिल हुई और अब वह प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया में है जिसका नेतृत्व कांग्रेस करती है। तारिक पार्टी में लौट आये जो अब कटिहार के सांसद हैं। जो नुकसान होना था, हो गया क्योंकि पार्टी टूटी थी तथा विदेशी मूल के भाजपायी विमर्श को प्रोत्साहन मिला था। कांग्रेस की पिछले तीन-साढ़े तीन दशकों की यात्रा में कई लोगों ने अपने बयानों से पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यहां उन लोगों की बात नहीं हो रही है जिन्होंने खुद या उनके पुरखों ने कांग्रेस से सब कुछ पाया- पद, रूतबा, सम्पन्नता, लेकिन जब मोदी-शाह की जांच एजेंसियों का डंडा चलने का खतरा नजर आया, उन्होंने सीधे भाजपा कार्यालय का रूख किया। इनमें असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा से लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाले के आरोपी अशोक चव्हाण जैसे हैं जो ईडी की पहली घुड़की में ही पार्टी छोड़ गये। पार्टी के भीतर ही जी-23 जैसा आंतरिक गुट बनाया गया। कांग्रेस के पास जो बुद्धिजीवी हैं उनकी राजनीतिक समझ पर तरस ही खाया जा सकता है जो इस बात की तनिक भी सावधानी नहीं रखते कि उनके किस कहे-लिखे से दल को क्या नुकसान हो सकता है। जिस मणिशंकर अय्यर ने 2017 में मोदी के लिये अपमानजनक टिप्पणी कर लोकसभा (2019) में भाजपा को विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया था, अब राजीव गांधी की शैक्षिक योग्यता पर बयान देकर उन लोगों को परेशानी में डाल रहे हैं जो मोदी की डिग्री को लेकर सवाल करते रहे हैं। अय्यर वे शख्स हैं जिन्हें राजीव ने महत्वपूर्ण मंत्रालयों से नवाजा था। इसी पंक्ति में सलमान खुर्शीद जैसे लोग हैं जो अपनी उस किताब को चुनाव के ऐन पहले प्रकाशित कराते हैं जिसमें वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना आतंकवादी संगठन से कर कई सीटें हाथ से निकल जाना सुनिश्चित करते हैं। जो व्यक्ति अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़कर भी पार्टी में अपना महत्व, पद व दावा नहीं गंवाता- शशि थरूर- वे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ऐसे वक्त में अपनी भूमिका पूछते हैं जब कांग्रेस अपने वजूद की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है जिसमें युवा राहुल हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं तथा वयोवृद्ध खरगे रात-दिन पसीना बहा रहे हैं। भला कांग्रेस को बचाने के अलावा किसी की और क्या भूमिका हो सकती है? वैसे गुजरात के अपने इसी भाषण में राहुल ने कार्यकर्ताओं से जो आग्रह किया है।



# रोहित शर्मा ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया

## न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का बयान

एजेंसी



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया और चार विकेट की हार को उन्होंने 'कड़वा-मीठा अंत' करार दिया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'' सेंटनर ने कहा कि खिताबी मुकाबले में हार के बावजूद उन्हें अपनी टीम पर 'गर्व' है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि फाइनल में हमारा सामना एक अच्छी टीम से हुआ। हमने इस पूरे मैच में कई बार चुनौती दी, जो सुखद था और मुझे लगता है कि शायद कुछ ऐसे छोटे-मोटे पल भी रहे, जब हमने इसे अपने से दूर जाने दिया।'' सेंटनर ने कहा, ''लेकिन हां, इस पूरे टूर्नामेंट में जिस तरह से हमने इस टीम के साथ खेला है, उस पर मुझे बहुत गर्व है। सेंटनर ने कहा कि उनकी टीम दुबई की पिच और परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार थी जो लाहौर से काफी अलग थी जहां उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम भारत के खिलाफ लगातार खेल रहे हैं जो हमेशा एक चुनौती होती है। हमें पता था कि परिस्थितियां सेमीफाइनल से थोड़ी अलग होंगी लेकिन हम इसके लिए तैयार थे।'' सेंटनर ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने फिर भी अच्छा प्रदर्शन किया और भारत को अंत तक टक्कर दी। लेकिन हर मैच में कुछ ऐसे पल होते हैं जहां आप संभावित रूप से सुधार कर सकते हैं।'' न्यूजीलैंड के कप्तान ने माना कि मैट हेनरी की कमी उन्हें खली जो कंधे की चोट के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर हो गए थे। तेज गेंदबाज हेनरी 10 विकेट लेकर इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। सेंटनर ने कहा, ''वह एक बेहतरीन गेंदबाज है। हमने देखा है कि वह उन विकेटों पर भी मूवमेंट हासिल करने में सक्षम है जो ऐसी नहीं लगती कि उनसे मदद मिलेगी। इसलिए मुझे लगता है कि आज हमें इसकी कमी खली।'' उन्होंने कहा, ''मुझे मैटी (हेनरी) के लिए दुख है - वह टीम के लिए खेलने वाला बेहतरीन खिलाड़ी है और वह काफी परेशान दिख रहा था।

## मैं वनडे प्रारूप को अलविदा नहीं कह रहा, अफवाहें मत फैलाइये

### चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित शर्मा का बड़ा बयान

एजेंसी



**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने करियर को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों को रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद खारिज करते हुए कहा कि वह अभी वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने नहीं जा रहे। आस्ट्रेलिया दौरे के समय से ही रोहित की कप्तानी और टीम में उनकी जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी उनके करियर के लिए संजीवनी साबित हुई। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड पर चार विकेट से मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैं वनडे प्रारूप से संन्यास नहीं ले रहा हूं। कृपया अफवाहें मत फैलाइये। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, कोई फ्यूचर प्लान नहीं है । जो हो रहा है, वो चलता जायेगा । रोहित ने कहा कि पावरप्ले में आक्रामक खेलने का उनका फैसला खास लक्ष्य को ध्यान में रखकर लिया गया था। उन्होंने कहा,'' मैंने आज कुछ अलग नहीं किया । मैं पिछले तीन चार मैचों से ऐसा ही कर रहा था । मुझे पता है कि पावरप्ले में रन बनाना कितना अहम है क्योंकि हमने देखा है कि दस ओवरों के बाद फील्ड के फैलने और स्पिनरों के आने के बाद रन बनाना मुश्किल होता है । उन्होंने कहा, पिच धीमी थी और रन बनाना और मुश्किल हो गया था । ऐसे में शुरू में ही मौके लेना जरूरी था । मैने गेंदबाज को चुना जिसके खिलाफ रन बना सकता हूं ।

## संक्षिप्त सामाचार

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.09 प्रतिशत गिरकर 66.98 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह इस दौरान लंदन ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत फिसलकर 70.32 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### आइफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 में टीवीएफ का जलवा, पंचायत 3 और कोटा फैक्ट्री 3 ने मारी बाजी

**जयपुर।** पिंकसिटी जयपुर में 25वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 में पंचायत 3 ने बेस्ट सीरीज और कोटा फैक्ट्री 3 ने बेस्ट स्टोरी का अवार्ड अपने नाम कर लिया। द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने पंचायत 3 और कोटा फैक्ट्री 3 के लिये अवार्ड जीत कर डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में नयी उपलब्धि हासिल की है। आइफा में बेस्ट सीरीज से पंचायत सीजन 3 को नवाजा गया, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दीपक कुमार मिश्रा को पंचायत सीजन 3 के लिए मिला। पुरुष की कैटेगरी में बेस्ट परफॉर्मेंस इन ए लीडिंग रोल का पुरस्कार जितेंद्र कुमार को पंचायत सीजन 3 के लिये दिया गया। पुरुष की कैटेगरी में बेस्ट परफॉर्मेंस इन ए सपोर्टिंग रोल फैसल मलिक को पंचायत सीजन 3 के लिए मिला। सीरीज में बेस्ट स्टोरी का पुरस्कार कोटा फैक्ट्री सीजन 3 को दिया गया। पावरहाउस कंटेंट क्रिएटर्स टीवीएफ ने वेब सीरीज कैटेगरी में हर बड़े अवॉर्ड पर कब्ज़ा जमाकर अपनी बादशाहत साबित कर दी।

### कबड्डी विवादः गिरोह ने 11वीं के छात्र पर हमला कर किया घायल

**थूथुकुडी।** तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में श्रीवैकुंठम के पास कट्टियाम्मलपुरम में सोमवार सुबह को कबड्डी को लेकर हुए विवाद के कारण तीन सदस्यीय गिरोह ने स्कूल जाने वाली बस में सवार 11वीं कक्षा के एक छात्र पर दिनदहाड़े हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अरियानायागीपुरम गांव का रहने वाला टी देवेंद्रन (17) अपने गांव से पढ़ाई के लिये तिरुनेलवेली स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जा रहा था। तभी हथियारबंद गिरोह ने सुबह कट्टियाम्मलपुरम इलाके में बस को रोक लिया। गिरोह ने देवेंद्रन को बस से बाहर निकाला और सबके सामने दरांतियों से उस पर कई वार किए।पीड़ित के चिल्लाने पर भी डर के कारण बस यात्रियों और राहगीरों ने बीच-बचाव नहीं किया।

छात्र पर हमला करने के बाद गिरोह मोटरसाइकिल पर मौके से भाग गया। छात्र के सिर, हाथ, पैर और पेट पर कई जगह कटने के निशान थे। उसे श्रीवैकुंठम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया और फिर तिरुनेलवेली सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गयी है। सूचना मिलने पर श्रीवैकुंठम के पुलिस उपाधीक्षक रामकृष्णन मौके पर पहुंचे और जांच की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि देवेंद्रन और दूसरे समूह के बीच कबड्डी खेलने को लेकर दुश्मनी थी। इस बीच, तिरुनेलवेली सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तनाव व्याप्त हो गया, क्योंकि बड़ी संख्या में पीड़ित के रिश्तेदार एकत्र हुए।

## बीसीसीआई ने की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम के अजेय प्रदर्शन की सराहना

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत दर्ज करने पर सोमवार को भारतीय टीम को बधाई दी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय नेतृत्व और सामरिक कौशल ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कप्तान रोहित के प्रेरणा देने और मिसाल कायम करने वाले नेतृत्व क्षमता ने भारत के विजयी अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की भूमिका की भी सराहना की करते हुए कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण और सामरिक अंतर्दृष्टि ने इस विजेता टीम को लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी कर्मियों और चयन समिति को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, पिछले साल टी-20 विश्वकप की सफलता के बाद यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

एक और वैश्विक टूर्नामेंट में दबदबा बनाना और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। टीम ने बेजोड़ निरंतरता और अपने चरित्र के साथ खेला है मैं कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देता हूं।

## हैरी ब्रूक ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ खत्म किया अनुबंध

# लग सकता है दो साल का प्रतिबंध

एजेंसी



**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस ले लिया है। यह लगातार दूसरी बार है जब उन्होंने इस फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है।

इंग्लैड के 26 वर्षीय ब्रूक ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि वह इस साल दिल्ली कैपिटल्स के लिए नहीं खेलेंगे। उन्होंने लिखा, मैंने आगामी आईपीएल से नाम वापस लेने का बहुत कठिन फैसला लिया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है।

जब से मैं छोटा था, मैंने अपने देश के लिए खेलने का सपना देखा है और मैं इस स्तर पर अपने पसंदीदा खेल को खेलने का अवसर पाकर बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा, जिन लोगों पर मैं भरोसा करता हूँ, उनके मार्गदर्शन में मैंने इस निर्णय पर गंभीरता से विचार करने के लिए समय निकाला है। यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूँ। ऐसा करने के लिए मुझे अपने करियर के अब तक के सबसे व्यस्त दौर के बाद रिचार्ज करने के लिए समय चाहिए। ब्रूक ने कहा, मुझे पता है कि हर कोई इसे नहीं समझेगा, और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता, लेकिन मुझे वही करना है जो मुझे सही लगता है, और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता और ध्यान है। मुझे जो अवसर मिले हैं और जो समर्थन मुझे मिला है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ।

# भारत में रेइट-सम्पत्तियों के बाजार में विस्तार जारी रहने की उम्मीदः केयरएज रेटिंग्स

एजेंसी




**मुंबई।** केयरएज रेटिंग्स की राय में भारत में संस्थानों और बड़े संगठनों के लायक कार्यस्थलों की मजबूत मांग और उनमें निवेशकों की बढती रुचि को देखते हुए अचल संम्पत्ति बाजार में रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रेइट)-योग्य संपत्तियों के विस्तार के मजबूत अवसर मौजूद हैं। केयरएज रेटिंग्स की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025-26 और उसके भी भारत में रेइट पोर्टफोलियो का निरंतर विस्तार जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय कार्यालय स्थलों के रेइट से जुड़े बाजार खंड में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कैलेंडर वर्ष 2024 में समाप्त छह वर्षों में रेइट वाले उपयोग लायक कार्यालय स्थलों की भौतिक उपलब्धता (स्टॉक) साल दर साल सात प्रतिशत की दर से बढ़ा है। इसके अतिरिक्त, रेइट ने भारत के शीर्ष आठ शहरों में कुल कार्यालय स्टॉक का लगातार नौ प्रतिशत से अधिक हिस्सा है, जो वाणिज्यिक अचल संपत्ति में रेइट-सम्पत्तियों की बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। केयरएज रेटिंग्स के कॉर्पोरेट और इंफ्रा रेटिंग्स की वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख राजश्री कुरकुटे ने कहा, भारतीय रेइट बाजार निरंतर विस्तार के लिए तैयार है, जो आगामी रेइट संपत्तियों की घोषणाओं और उच्च गुणवत्ता वाली रेइट -योग्य परिसंपत्तियों की प्रचुर उपलब्धता के मिले जुले प्रभाव से प्रेरित है। यह वृद्धि ग्रेड निकट भविष्य में आने वाली ए वाणिज्यिक अचल संपत्ति की मजबूत सूची और विविध क्षेत्रों में निवेशकों की बढ़ती रुचि से प्रेरित होने की उम्मीद है।

भारत में 2019 में एम्बेसी रेइट के प्रारंभ के साथ रेइट खंड में अब कई बड़े रेइट परिचालक आ गए हैं। उसके बाद से रेइट बाजार में 2020 में माइंडस्पेस और ब्रुकफील्ड रेइट आए। वर्ष 2023 में नेक्सस रेइट ऐसा पहला खुदरा निवेश पर केंद्रित रेइट रहा जो घरेलू शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया गया। नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट को भी 2025-26 के पहली छमाही में बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी में है। वित्तीय दृष्टिकोण से, भारतीय रेइट एक रूढ़िवादी उत्तोलन प्रोफ़ाइल बनाए रखते हैं, 31 दिसंबर, 2024 तक शुद्ध ऋण से सकल परिसंपत्ति मूल्य (जीएवी) अनुपात 28 प्रतिशत होगा।

इसके अलावा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लागू किए गए कड़े नियमों ने आरईआईटी की संरचनात्मक अखंडता को मजबूत किया है, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर बाहरी ऋण प्राप्त करने में मदद मिली है। रिपोर्ट के अनुसार 31 दिसंबर, 2024 को शुद्ध ऋण का सकल संपत्ति मूल्य (जीएवी) का अनुपात 28 प्रतिशत था जो इनकी मजबूत स्थित को दर्शाता है। इसके अलावा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा लागू किए गए कड़े नियमों से रेइट की संरचनात्मक व्यवस्था मजबूत हुई है।

## पूनावाला फिनकॉर्प ने शिक्षा ऋण व्यवसाय में किया प्रवेश

**मुंबई।** साइरस पूनावाला समूह द्वारा प्रवर्तित एनबीएफसी शाखा पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड (पीएफएल) ने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा ऋण व्यवसाय शुरू किया है। उद्घाटन के दौरान टिप्पणी करते हुए, पूनावाला फिनकॉर्प के प्रबंध निदेशक और सीईओ अरविंद कपिल ने एक बयान में कहा कि शिक्षा भविष्य में सबसे शक्तिशाली निवेश है और वित्त कभी भी महत्वाकांक्षा के लिए बाधा नहीं बननी चाहिए।

अपने शिक्षा ऋण समाधानों के साथ, हम छात्रों को वैश्विक स्तरीय शिक्षण अवसरों तक पहुंच प्रदान करने तथा एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस शुरूआत के भाग के रूप में, कंपनी ने शिक्षा ऋण के लिए तत्काल स्वीकृति प्रदान करने की उद्योग-प्रथम पहल की भी घोषणा की है। यह सहज, प्रौद्योगिकी-संचालित वित्तपोषण अनुभव नए और मौजूदा पीएफएल ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है।

# समावेशी जलवायु कार्रवाई के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** रणनीतिक नीति संवादों और साहसिक वैश्विक प्रतिबद्धताओं के बाद, द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2025 के 24वें संस्करण में स्थिरता और जलवायु लचीलेपन के लिए वैश्विक एजेंडे को और मजबूत किया गया।

इस तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन सत्र और बहु-हितधारक संवादों के माध्यम से प्रभाव को आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया और जटिल सतत विकास चुनौतियों और पर्यावरणीय चिंताओं के समाधान में सहयोगी साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। टेरी के अध्यक्ष नितिन देसाई ने दीर्घकालिक पर्यावरणीय और विकासात्मक प्रभाव को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों के बीच निरंतर संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सतत विकास दो ज्ञान समुदायों—विकास समुदाय और पर्यावरण समुदाय - के बीच सेतु का कार्य करता है। यही सततता की वास्तविक चुनौती है-हम विकास कैसे प्राप्त करें और साथ ही पर्यावरण की रक्षा कैसे करें। यह एक आसान कार्य नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना जे. मोहम्मद ने अपने विशेष वैश्विक नेतृत्व (वीडियो संदेश) में संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक जलवायु कार्रवाई के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया और सतत विकास लक्ष्यों की प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, भूख बढ़ रही है, और हमने अब तक के सबसे गर्म वर्षों को देखा है, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर लगातार बढ़ रहा है। लेकिन हमें आशा नहीं छोड़नी चाहिए या अपनी महत्वाकांक्षाओं को कमजोर नहीं करना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम लोगों, ग्रह और समृद्धि के लिए एसडीजी को बचाने की योजना को आगे बढ़ाएं। यूएनईपी गुडविल एंबेसडर और संयुक्त राष्ट्र महासचिव की एसडीजी एडवोकेट अभिनेत्री दिया मिर्ज़ा ने जलवायु चुनौतियों से निपटने में व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आगे का रास्ता आसान नहीं होगा। चुनौतियाँ आएँगी, संदेह के क्षण भी होंगे। लेकिन यदि हम एकजुट होकर काम करें, न्याय, समानता और स्थिरता के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहें, तो मुझे विश्वास है कि हम इस अवसर का सामना आवश्यक तत्परता और संकल्प के साथ कर सकते हैं।

# भारत में विमान निर्माण के लिए एसपीवी स्थापित किया जाएगा : नायडू

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार क्षेत्रीय परिवहन विमान बनाने के लिए एक विशेष प्रयोजन इकाई (एसपीवी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

श्री नायडू ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत में विमानों और इसके घटकों के निर्माण के लिए आवश्यक नीतियां मौजूद हैं। मंत्री ने आगे की रणनीति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार ने एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और क्षेत्रीय परिवहन विमान के विनिर्माण के लिए एक विशेष प्रयोजन इकाई (एसपीवी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा, हमारे पास पांच साल के लिए एक एसपीवी बनाने की योजना है, जो सभी आवश्यक हितधारकों को लाएगी। देश की मौजूदा स्थिति का अध्ययन करेगी और एक रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने विमान घटक विनिर्माण और एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुये कहा कि इन पर एक समान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) की व्यवस्था होनी चाहिए।

# शुरुआती तेजी गंवाकर शेयर बाजार लुढ़का

एजेंसी




**मुंबई।** चीन में बढ़ते अपस्फीतिकारी दबाव के साथ-साथ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती और वैश्विक व्यापार युद्ध के बढ़ते खतरे ने वैश्विक आर्थिक विकास को लेकर गंभीर चिंताओं से विदेशी बाजारों में गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर चौतरफा बिकवाली होने से आज शुरुआती तेजी गंवाकर शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 217.41 अंक लुढ़ककर 74,115.17 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.20 अंक टूटकर 22,460.30 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.46 प्रतिशत कमजोर रहकर 39,306.68 और स्मॉलकैप 2.11 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,644.98 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4229 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2877 में गिरावट जबकि 1203 में तेजी रही वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियां लाल जबकि अन्य नौ हरे निशान पर रहीं। विश्लेषकों के अनुसार, कमजोर मांग और कीमतों में गिरावट चीन की आर्थिक पुनर्प्राप्ति को धीमा कर सकती है, जिससे निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्थाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी, महंगाई और बेरोजगारी के बढ़ते संकेत आर्थिक सुस्ती का संकेत दे रहे हैं। यदि अमेरिका में मंदी के संकेत मजबूत होते हैं तो इसका असर वैश्विक निवेश और व्यापार पर पड़ेगा, जिससे विकासशील और निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसको लेकर निवेशकों की बढ़ती चिंताओं ने बाजार पर असर डाला है। बीएसई में एफएमसीजी और यूटिलिटीज की 0.51 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट रही। इससे कमोडिटीज 0.95, सीडी 1.60, ऊर्जा 1.78, वित्तीय सेवाएं 0.68, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 2.36, आईटी 0.53, दूरसंचार 0.84, ऑटो 1.21, बैंकिंग 0.48, कैपिटल गुड्स 2.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.06, धातु 0.95, तेल एवं गैस 2.18, पावर 0.41, रियल्टी 1.94, टेक 0.17, सर्विसेज 1.31 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.36 प्रतिशत लुढ़क गया।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# 'आसन को धमकी' पर बिरला ने दयानिधि मारन को दी चेतावनी

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को अध्यक्ष ओम बिरला ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सदस्य दयानिधि मारन को आगाह किया कि उन्होंने यदि आसन को धमकी देने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

श्री बिरला ने शून्य काल के दौरान भाषा के मुद्दे पर द्रमुक सदस्यों के शोरगुल के बीच श्री मारन की एक टिप्पणी पर उन्हें चेतावनी देते हुए कहा, आप आसन को धमकी दे रहे हैं, कोई भी यदि संसद की मर्यादा का उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मैंने सुश्री कनिमोझी (द्रमुक सदस्य) को मौका दिया है, मैंने मंत्री को मौका दिया है। सदन में शोरगुल के कारण श्री मारन की टिप्पणी सुनाई नहीं पड़ी। द्रमुक सदस्य को अध्यक्ष की चेतावनी के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अध्यक्ष सदैव निष्पक्षता से काम करते हैं और भाषा के मुद्दे पर भी उन्होंने निष्पक्षता से काम करते हुये सभी पक्षों को अपनी बात रखने का मौका दिया है। श्री रिजिजू ने कहा कि श्री मारन ने आज आसन को लेकर जो टिप्पणी की है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है, वह उसकी निंदा करते हैं। इस मामले में सदन की भावना का संज्ञान लेकर कार्रवाई के बारे में विचार किया जायेगा। इससे पहले द्रमुक सदस्य कनिमोझी ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान ने भाषा के मुद्दे पर तमिलनाडु सरकार के बारे में जो टिप्पणी की है, वह उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत त्रिभाषा फार्मूला तमिलनाडु को स्वीकार्य नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करायी हैं। उन्होंने कहा कि सभी भाषाओं का सम्मान किया जाना चाहिये। शिक्षा मंत्री प्रधान ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उनकी किसी बात से किसी की भावना को ठेस पहुंची है, तो वह अपने शब्द वापस लेते हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भाषा के मुद्दे पर तमिलनाडु के प्रतिनिधिमंडल उनसे मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वास्तविकता सामने आनी चाहिये। श्री प्रधान ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में 'पीएम श्री' और 'पीएम पोषण' का राज्यों के साथ दलगत आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। इसके बाद, श्री बिरला ने व्यवस्थता दी कि जिस शब्द को लेकर द्रमुक सदस्यों ने आपत्ति उठायी है, उसे उन्होंने सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से निकाल दिया गया है।

# इजरायल ने बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर गाजा की बिजली आपूर्ति की बंद



एजेंसी

**यरूशलम।** इजरायल ने रविवार को घोषणा की कि वह हमास पर बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव डालने के लिए गाजा पट्टी की बिजली आपूर्ति बंद कर रहा है। इजरायली ऊर्जा मंत्री एली कोहेन ने एक वीडियो बयान में कहा, मैंने अभी-अभी गाजा को बिजली की आपूर्ति तुरंत रोकने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि इस उपाय का उद्देश्य हमास पर उन लोगों को रिहा करने का दबाव बनाना है, जो अब भी गाजा में बंधक हैं। इजरायली आंकड़ों के अनुसार, अब भी 59 बंधक हमास की कैद में हैं, जिनमें से लगभग 24 के जीवित होने का अनुमान है। श्री कोहेन ने कहा, हम सभी बंधकों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करेंगे और गारंटी देंगे कि हमास (युद्ध) के अगले दिन गाजा में नहीं रहेगा। ऊर्जा मंत्री ने सार्वजनिक रूप से जारी किये गये एक पत्र में देश के स्वामित्व वाली इजरायल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन को गाजा को बिजली की बिक्री बंद करने का निर्देश दिया। उनके प्रवक्ता ने बताया कि यह आदेश तुरंत प्रभावी हो जाएगा।

## संक्षिप्त सामाचार

### दो लाख रुपये का अफीम दूध बरामद, दो गिरफ्तार

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से एक किलोग्राम से अधिक अफीम दूध बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाअधीक्षक छगन राजपुरोहित ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार सुबह पुलिस टीम ने एक स्विफ्ट कार जब्त कर उसमें से एक किलो 126 ग्राम अवैध दूध बरामद किया।

उन्होंने बताया कि बरामद अफीम दूध की बाजार कीमत करीब दो लाख रुपये है। पुलिस ने इस मामले में सोहनलाल गुर्जर 27 एवं देवीलाल गुर्जर 20 निवासी वल्लभनगर जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया है।

### पाकिस्तान की जेलों से 21 अफगानिस्तानी कैदी हुए रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान के जेलों में बंद अफगानिस्तान के 21 कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें स्वदेश भेज दिया है। यह जानकारी शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, 21 कैदी पाकिस्तान की जेलों में दो से 25 महीने तक कैद रहे और रिहा होने के बाद सभी कैदी रविवार को अफगानिस्तान लौट आए। पिछले चार महीनों से इराक में हिरासत में लिए गए दो अफगान नागरिकों को भी शुक्रवार को रिहा किया गया और वे भी स्वदेश लौट आए। गौरतलब है कि सितंबर 2024 में अफगानिस्तान के जेल प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में आठ से नौ हजार अफ़गानिस्तानी नागरिक विदेशी जेलों में बंद हैं। उनमें से ज़्यादातर ईरान और पाकिस्तान में बंद हैं।

### चार किलो हेरोइन बरामद, चार गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर आयुक्तालय पुलिस ने सीमा पार तस्करों को एक बड़ा झटका देते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक किशोर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि किशोर ने अंतरराष्ट्रीय सीमा बाड़बंदी के पास के क्षेत्रों से नशे की खेप पकड़ने के लिए सतलुज नदी को पार करने के लिए नावों का भी इस्तेमाल किया। पुलिस ने उनके पास से चार किलोग्राम हेरोइन, 20,000 रुपए ड्रग मनी और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। डीजीपी ने कहा कि इस संबंध में पुलिस थाना छेहरटा और पुलिस छावनी में स्वापक ओषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### जदयू के प्रदेश महासचिव रामकृष्ण मंडल राजद में शामिल

**पटना।** बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के प्रदेश महासचिव रामकृष्ण मंडल अपने समर्थकों के साथ आज राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गये। राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू , प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, मुख्यालय प्रभारी श्रीमती मुकुंद सिंह, बिहारीगंज के पूर्व प्रत्याशी ई.प्रभाष कुमार के समक्ष श्री रामकृष्ण मंडल, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव दयानंद शर्मा एवं युवा जदयू के अविनाश राम ने अपने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की।

# तंबाकू कानूनों में खामियों से ऑस्ट्रेलियाई बच्चे हो रहे कमजोर: अध्ययन

एजेंसी

**सिडनी।** एक ऑस्ट्रेलियाई अध्ययन से पता चला है कि देश के तंबाकू नियंत्रण कानूनों में महत्वपूर्ण खामियों के कारण बच्चे तंबाकू की खुदरा बिक्री के संपर्क में आ रहे हैं।

रविवार को ड्रग एंड अल्कोहल रिव्यू की वेबसाइट पर प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, तम्बाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रवर्तन को प्रतिबंधित करने वाले राष्ट्रीय कानूनों के बावजूद, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि विभिन्न राज्यों में तम्बाकू की बिक्री को विनियमित करने के कानूनों में विसंगतियां हैं, कुछ राज्यों में नाबालिगों को तम्बाकू बेचने की अनुमति दी जाती है। इसमें विपणन रणनीतियों पर प्रतिबंधों की कमी पर भी प्रकाश डाला गया है, जैसे कि तंबाकू विक्रेताओं द्वारा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खिलौनों की प्रदर्शनी लगाना या खिलौनों की दुकानों में तंबाकू उत्पाद बेचना आदि। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने कहा कि तंबाकू खुदरा विक्रेताओं के बिक्री स्थान को नियंत्रित करने वाले कोई नियम नहीं हैं और बच्चों को तंबाकू बिक्री और विपणन के संपर्क से बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए मजबूत कानूनों की आवश्यकता पर बल दिया। अध्ययन में प्रमुख खुदरा बिक्री रणनीतियों की पहचान की गई, जिनका उपयोग तंबाकू उद्योग युवा बाजार को लक्षित करने एवं बढ़ावा देने के लिए करता है, जिसमें स्नैक्स, मिठाइयों और शर्करा युक्त पेय के पास सिगरेट का प्रदर्शन; बच्चों के सामने सिगरेट के विज्ञापनों को रखना; सुगंधित सिगरेट का विज्ञापन एवं प्रदर्शन और सिगरेट की एकल स्टिक की बिक्री शामिल है। लेखकों ने कहा, तम्बाकू और बच्चों को आकर्षित करने वाले उत्पादों की निकटता युवाओं को इन उत्पादों की स्वीकार्यता को तम्बाकू के साथ जोड़ने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# बोईसर अवधनगर में महिला दिवस पर प्रबोधनकार ठाकरे विद्यालय में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** जिले बोईसर नवापुर रोड अवधनगर में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य मे शिवसेना नेता प्रभाकर राऊल की प्रेरणा से पंचतत्व सेवा संस्था तथा स्वामी विवेकानंद एज्युकेशन सोसायटी के संयुक्तत तत्वाधान में 8 मार्च 2025 को पालघर जिला के बोईसर (अवधनगर)मे स्थित प्रबोधनकार ठाकरे विद्यालय में महिलाओं के लिये नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच के शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें करीब 180 महिला अभिभावकों लाभ उठाया। इस शिविर में बोईसर के वरद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. साईदास लिंगनवाड और उनके विशेषज्ञ डॉक्टरों ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कीऔर उन्हे आवश्यक परामर्श दिया।इस शिविर में बी.एम.आय, बी पी, ब्लड सुगर, ई सी जी, कोलेस्ट्रोल और सामान्य स्वास्थ्य जांच आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर डॉ.साईदास लिंगनवाड ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं और महिलाओं द्वारा उनके परिवार और सोसायटी को अपना योगदान देने की प्रशंसा की।, संस्था के अध्यक्ष प्रभाकर राऊल ने स्वस्थ रहने के लिए उचित खानपान व दिनचर्या पर मार्गदर्शन किया । और महिला के उत्तम स्वास्थ को ही परिवार की उन्नती का प्रमुख आधार बताया।विद्यालय की प्रशासक सुषमा भोसले ने स्कूल की सभी महिला शिक्षको के कार्य कोकी सराहना की और महिला वर्ग दूसरे कामो के साथ साथ अपनी सेहत का भी ध्यान रखे इसकी पहल आज से ही करने का आग्रह किया द्यविद्यालय की उपमुख्याध्यापिका कृषीका मॅडम ने सभी अतिथियों, डॉक्टरों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।सभी अभिभावकों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया और इस तरह के आयोजनों की निरंतरता की मांग की। कई अभिभावक महिलाओं ने शिविर को एक सफल एवं सराहनीय प्रयास बताया।

# सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति ने सामूहिक हत्याओं की खबरों के बीच जवाबदेही की ली शपथ

एजेंसी



**दमिश्क।** सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने तटीय क्षेत्र में हाल की हुई हिंसा के लिए उत्तरदायी लोगों को जिम्मेदार साबित करने की शपथ ली है ।उन्होंने सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया।

अहमद अल-शरा ने एक टेलीविजन संबोधन में लताकिया और टारटस प्रांतों में सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों की हत्याओं की निंदा की। उन्होंने गिरती हुई सरकार के बचे हुए लोग और उनके विदेशी समर्थकों को दोषी ठहराया और कहा कि अपराधों में शामिल सभी लोगों को बिना किसी अपवाद के न्याय का सामना करना होगा। अल-शरा ने सीरिया को विभाजित करने के किसी भी प्रयास की निंदा की, विदेशी हस्तक्षेप या आंतरिक कलह के आह्वान के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा सीरिया अपने लोगों की इच्छा और अपनी सेना की ताकत के साथ एकजुट रहेगा। इस बीच, अल-शरा ने नागरिक शांति के लिए एक उच्च समिति के गठन की घोषणा की, उसका काम तटीय क्षेत्र में समुदायों से सीधे संपर्क करना, उनकी चिंताओं को दूर करना और स्थिरता सुनिश्चित करना है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने रविवार को सीरिया में नागरिकों की हत्याओं की कड़ी निंदा की और गैर-लड़ाकों की हत्याओं की पूरी जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने का आह्वान किया। श्री तुर्क ने एक बयान में कहा हमें महिलाओं, बच्चों और लड़ाकू विमानों सहित पूरे परिवारों के मारे जाने की बेहद परेशान करने वाली रिपोर्टें मिल रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक और विश्वसनीय न्याय प्रक्रिया की स्थापना का भी आह्वान किया, जिससे निष्पक्षता, समावेशिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है कि सीरियाई सुरक्षा बलों और दमिश्क में नई सरकार का विरोध करने वाले सशस्त्र समूहों के बीच लताकिया और टारटस के तटीय प्रांतों में गुरुवार को हिंसक झड़पें हुईं। शुक्रवार रात, अतिरिक्त सेना और आंतरिक मंत्रालय की इकाइयाँ टारटस और लताकिया पहुँचीं।

### सीरियाई ड्रूज लोगों के लिए वर्क परमिट जारी करेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने रविवार को घोषणा की कि इजरायल सीरिया के ड्रूज नागरिकों को इजरायल नियंत्रित गोलान हाइट्स में काम करने के लिए वर्क परमिट जारी करेगा। श्री कैट्ज ने एक बयान में कहा कि यह कदम जल्द ही उठाया जायेगा, लेकिन सटीक समयसीमा नहीं बताई। श्री कैट्ज ने कहा कि परमिट सरकारी योजना के हिस्से के रूप में जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अब इजरायल में ड्रूज और सर्कसियन समुदायों के लिए एक अभूतपूर्व सहायता योजना को मंजूरी दे रही है। मंत्री ने ड्रूज नागरिकों की वफादारी, बहादुरी और इजरायल की सुरक्षा में योगदान की प्रशंसा की, जिनमें से कई इजरायली सेना में सेवा करते हैं। उन्होंने कहा, हम उन्हें मजबूत करना जारी रखेंगे और सीरिया में उनके भाइयों को किसी भी खतरे से बचाएंगे। उल्लेखनीय है कि ड्रूज लोग मुख्य रूप से लेबनान, सीरिया और इजरायल में रहते हैं, जबकि जॉर्डन में उनके छोटे समूह हैं। दिसंबर 2024 में बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद सीरिया की सीमा के पास और कब्जे वाले गोलान हाइट्स में अपने क्षेत्रीय नियंत्रण का विस्तार करने के बाद से इजरायल ड्रूज़ समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बिलावर हत्याकांड

# गुलमर्ग फैशन शो को लेकर हंगामा

एजेंसी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को कठुआ के बिलावर क्षेत्र में नागरिकों की हत्या और गुलमर्ग में फैशन शो को लेकर जमकर हंगामा हुआ।

सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होते ही नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के विधायक अपनी सीटों से खड़े हो गए और बिलावर इलाके में नागरिकों की हत्या पर चर्चा की मांग करने लगे। विधायक बानी रामेश्वर सिंह ने जब सदन के बीचोंबीचे आने कोशिश की तो मार्शलों ने उन्हें रोक दिया। श्री सिंह को शनिवार को बिलावर इलाके में मारे गए नागरिकों के परिवारों से मिलने के लिए जाने से स्थानीय लोगों ने रोक दिया था और उनका घेराव किया गया था। सदन की कार्यवाही में व्यवधान पैदा ने करने के विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बावजूद नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने भी अपना विरोध जारी रखा। कुपवाड़ा के विधायक मीर मुहम्मद फैयाज ने गुलमर्ग में फैशन शो के आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विधायकों को शांत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने कहा कि सदन बिलावर इलाके के हत्याकांड पर चर्चा नहीं कर सकता, क्योंकि यह मामला विधानसभा के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# भीमनगर में जिला परिषद विद्यालय का उद्घाटन लोकसभा सांसद डॉ. हेमंत सावरा के हाथो द्वारा लोकार्पण किया

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** जिले के बोईसर चित्रालय शहर अंतर्गत भीमनगर में शिक्षा विभाग(प्राथमिक)समग्र शिक्षा जिला परिषद,पालघर द्वारा नवनिर्मित जिला परिषद विद्यालय का उद्घाटन शुक्रवार 7 मार्च 2025 को पालघर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.हेमंत विष्णु सवरा के हाथों रिविन काट कर किया गया।

प्राप्त जानकारी मिलने के अनुसार आपको बतादें कि जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोणे के प्रयासों से भीमनगर में प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा नवनिर्मित जिला परिषद विद्यालय भवन का उद्घाटन सांसद डॉ. हेमंत सावरा के हाथों किया गया। इस मौके पर जिला परिषद महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 8 स्कूली छात्राओं को दो पहिया साईकल वितरित की गई। वहीं जिला परिषद के 15 वें वित्त आयोग की निधि से निर्मित पी.डी.नगर में आरसीसी रोड तथा गणेश नगर में आरसीसी गटर का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर शिवशक्ति सामाजिक संगठन के प्रमुख व वरिष्ठ भाजपा नेता संजय पाटील,जिला सचिव अंकुर राऊत, कार्यक्रम के अध्यक्ष अप्पा लोखंडे, बोईसर ग्राम पंचायत के उपसरपंच नीलम संखे, जि. प.सदस्य महेंद्र भोणे, बोईसर -पालघर पत्रकार संघ(रजि.)के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, पूर्व सरपंच वैशाली बाबर, मौली महिला ग्राम संघ की अध्यक्षा माधवी भोणे,ग्रा.प.सदस्य रंजीत खरात, वेदिका वलवी, पी.सम्मा, स्वेता देसले, वैशाली सादुलवाड, वंदेश भोणे,शिक्षिका बबिता दिवे ,प्रमोद जाधव, विप्र फाउंडेशन के प्रमुख ब्रह्मदेव चौबे सहित अनेक ग्रामस्थ उपस्थित थे।इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा महाराष्ट्र अंध श्रद्धा निर्मूलन समिती के पालघर जिला कार्याध्यक्ष अप्पा लोखंडे द्वारा बुद्धविहार की जमीन मंजूर करने तथा स्कूल के लिए सिविल डिफेंस की पडित जमीन दिलवाने की मांग पर उचित कार्यवाही करने का लोकसभा सदस्य डॉक्टर हेमंत सवरा ने अश्वासन दिया।कार्यक्रम के अंत में विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष ब्रह्मदेव चौबे ने अपनी प्रयास को हार न मानते हुए ,, बोईसर में उत्तर भारतीय को गांव कि ओर जाने के लिए हो रही प्ररेशानी को लेकर एक बार फिर से स्थानीय सांसद हेमंत सांवरा को बोईसर में उत्तर भारत कि ओर जाने वाली ट्रेन के लिए निवेदन पत्र सौंपा । गहन चर्चा में बोईसर - पालघर पत्रकार संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश निराला द्वारा बोईसर प.रेलवे स्टेशन पर उत्तर भारत के लिए मुंबई से बिहार के लिए पटना व उत्तर प्रदेश के लिए गाजीपुर व गोरखपुर आदि जगहों के लिए ट्रेन को बोईसर(प.रे)पर रोकने का निवेदन दिया ।शिव शक्ति संगठन के प्रमुख भाजपा नेता संजय भाई पाटील का भरपूर समर्थन मिला।जिस पर सांसद डॉक्टर श्री सवरा ने उचित कार्यवाही करने का अश्वासन दिया।कार्यक्रम का सूत्र संचालन वरिष्ठ शिक्षिका ज्योति संखे ने किया ।


केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

YouTube shakuntimes

आवश्यकता है

भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की

यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है

नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127

संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007